मसीह के साथ पहचाने गए

बहुत–बहुत, धन्यवाद। प्रभु के नाम में वापस आने पर, मैं बहुत ही आनंदित हूं। आरंभ करने में, थोड़ा सा खरखरा रहा है, परंतु प्रभु थोड़ी देर पश्चात दूसरे गेयर में ले आएगा। इसलिए, कि इस सप्ताह, मैं सभा में बहुत बोल रहा हूं। और उत्तर देने के लिए उनके बहुत सारे प्रश्न है। वे बाहर गर्मी में भवन से बाहर जाते है। और यह... मुझे बुरा जुकाम नहीं है। और मुझे अपने जीवन में, इतना अच्छा कभी नहीं लगा। इसलिए, मुझे अच्छा लग रहा है, परंतु मेरे गले पर अधिक भार पड़ रहा है। और यह ठीक हो जाएगा। इसलिए मैं आप में से प्रत्येक को धन्यवाद देना चाहता हूं, उस सब के लिए जो आपने किया।

2 मैंने ढूंढने का यत्न किया... जैसे कि मैं कुछ मिनटों पहले गाड़ी चला रहा था, बिली और उनमें से कुछ बाहर, उस छोटे से परिवार को ढूंढने का यत्न कर रहे थे जो यहां आए थे और टूट गए, और वापस नहीं जा सके। यदि वे अब भी इस भवन में है, मैं चाहता हूं कि कोई... वे अपने हाथ पकड़ लेंगे, या कुछ भी। मैंने—मैंने अपने लिए कुछ, इस पर चाहा है। और इसलिए वह छोटा परिवार मिशीगन से, या कहीं से, जिनका—जिनका तेल या कुछ, या पैसे खत्म हो गए है। यदि आप—यदि आप अब भी इस नगर में है... यदि आप उन्हें देखें, उस सभा के पश्चात, तो उन्हें मेरे घर के पास से ले जाए। समझे? मैं उसमें कुछ चाहता हूं। यही है—यही है जो जिसके—जिसके लिए हम यहां पर है, कि सहायता करें, किसी की भी, जो हम कर सकते है। इसलिए, अब, हमारी प्रार्थना है कि प्रभु यीशु, हमें आशीष दे।

3 अब, यह कुछ असामान्य सप्ताह रहा, और हमारे बीच में कुछ असामान्य बातें हुई। परंतु मैं यह कहूंगा कि मैंने कभी भी नहीं देखा कि पवित्र आत्मा कभी इतनी स्वतंत्रता से चला फिरा हो जैसा इस सप्ताह, सभा में, यह मेरी लिए वास्तव में पूरी तरह से आश्चर्यजनक है। और रात्रि में जब मैं अंदर जाता हूं तो, कभी–कभी यह प्रातः के एक जाते हैं इससे पहले कि मैं सोने के लिए जा सकूं। मैं बस प्रभु यीशु के विचारों में आनंदित होता हूं कि वह हमारे लिए कितना भला है। और अब मैं...

4 कोई भी जो यहां आस–पास लोग, इस नगर में है, या आस पास पड़ोस में, जिनके पास अब भी घर नहीं है, कलीसियायी घर, तो आपको यहां कभी भी आने के लिए स्वागत है और इसे अपना घर बनाए। स्मरण रखे, हमारे पास यहां कोई सदस्यता नहीं है, केवल संगति है सबके लिए। "हमारे पास वह नहीं है," जैसा कि हावर्ड कैंडल कहा करते थे, "कोई नियम नहीं केवल प्रेम; कोई धर्मसार नहीं केवल मसीह; कोई पुस्तक नहीं केवल बाईबल।" और इसलिए आपका सदा इस छोटे से आराधनालय में स्वागत है।

जो कि, हम आशा कर रहे हैं, यदि प्रभु ने चाहा, जितनी जल्दी हम से हो सकेगा कि अच्छा आराधनालय, अधिक—अधिक पर्याप्त स्थान। बहुत बड़ा नहीं, क्योंकि हम यह विश्वास करते हैं कि यीशु जल्द ही आ रहा है, और हम नहीं चाहते कि बहुत ही अलंकृत चीजें हो। हम बस कुछ चहते हैं... यह तो लगभग गिरने वाला है। इसने अपना उद्देश्य पूरा कर दिया, और इसके लिए हम धन्यवादित है।

मैं कभी नहीं भूलूंगा। जहां पर यह पुलपिट अब खड़ा है, लगभग बीस या कुछ वर्षों पहले, मैंने पुराने पोखर पर, अपने घुटने टेके मेरे सिर पर लंबी घास थी। और प्रभु ने कहा, "यहां अपना आराधनालय बनाओ।" एक छोटे से भाग पर, कि हम इंग्राहम के पास गए और इसे एक सौ साथ डॉलर में लिया, यदि हम इसे भर देते। यह बर्फ का तालाब था जहां हमने स्केटिंग की थी।

5 भाई जैसे स्वेंसर को स्मरण होना चाहिए, कि यहां पर एक तालाब था उन्हें और बहन स्पेन्सर को। मुझे लगता है कि यह आपको याद है। वे यहां पर खिलाड़ियों के झुंड लाया करते थे, और उसका चक्कर काट कर जाते थे, कि *इस* तालाब में ना चले जाए।

मैं यहां इन्ग्रामविले विद्यालय में छोटा लड़का था। यह तालाब था; यहां आकर बर्फ स्केटिंग करता, और—और शिन्नी खेलता था और आदि–आदि, इस तालाब पर। भाई माइक, आपको याद है, जब यह तालाब था। [भाई माइक कहते है, "हां।"—सम्पा।] हां, श्रीमान। भाई रॅाय, वहां पीछे है।

और अब, जहां तालाब था, हमने इसका थोड़ा सा भाग छोड़ दिया, यह ठीक *यहां* पीछे है। यही जहां हम लोगों को उनके पापों के छुटकारे के लिए पानी में बपतिस्मा देते है। और अब यह…

6 आप जानते है, जब आप प्रश्न लेकर आते है, और जहां आपके पास कुछ होता है जिसे आप—आप सामने रखना चाहते है, और यह एक परेशानी है क्योंकि आपके पास मिली जुली भीड़ है। लोगों को ऐसे या वैसे सिखाया गया है। परंतु जब आप बातों का खुलासा कर सकते हैं, यहाँ तक जो उन्हें सिखाया गया है उसके विरुद्ध, और उनकी आत्मा की मिठास पलट कर बहती है, यह मेरे लिए भक्ति पूर्ण है।

मैं कोई निश्चित नाम नहीं लेना चाहता। परंतु एक—एक विशेष डॉक्टर, जो नगर के बाहर से है, अभी वहां मुझ से कमरे में मिला; मैं समझता हूं; कि एक चिकित्सक डॉक्टर। और, उसने कहा, एक प्रकार से वर्षो से वह इसमें उलझा हुआ है। उसने एक पुस्तक पढ़ी जो इस विषय पर लिखी हुई थी, जो मैं सिखा रहा हूं उसके विरुद्ध। परंतु, कहा, जब से वह सभा में बैठ रहा है, और वचन के सत्य को जो उसमें है देख रहा है, तो यह सदा के लिए पक्का हो गया है।

7 थोड़ी देर पहले, मैं कमरे में नगर के बाहर के लोगों से मिला, इलीनोइस से। और वे लगभग, 4 सेवक, तीन या चार सेवक थे। और उन्होंने कहा, "भाई ब्रंहम, हमने अपने सारे जीवन भर उल्टा सिखाया, परंतु अब हमें यह समझ मिली और देखते हैं कि वास्तविक सत्य क्या है, जो यह था। हम इसके लिए भटक रहे थे।" समझे? और अब यह, देखिए, यह वह है जो अब हम…

8 यह क्या है, भाई, कभी ऐसा ना सोचिए कि कोई घटिया कलीसिया या कोई लोग। यह केवल कलीसिया को ऊपर उठाता है। समझे? और तब, एक साथ हमें थोड़ा होना है। हमें एक साथ खड़ा होना है। जब वे…

जब परमेश्वर ने स्वयं को पेंटीकोस्ट पर बांट दिया, उस आग के खंबे को छोटे–छोटे आग के खंबे में बाट दिया, और जाकर लोगों के ऊपर ठहर गया, और पवित्र आत्मा उन पर आया, यदि परमेश्वर ने स्वयं को हमारे मध्य में बांटा है, और हर बार एक स्वयं को हम में मिला लेता है, और हर समय यह बहुत सारे अग्नि स्तंभों को जमा करता है। और कुल मिलाकर,

जब यह एक बड़ी परमेश्वर की छुड़ाई हुई कलीसिया है, जो एक साथ जमा है, हम निश्चित रूप से आकाश में से होकर यात्रा करेंगे।

9 मैंने कभी भी यह कोशिश नहीं की कि मैं भाइयों को अलग–अलग करूं या उनमें फूट डालूं। मैंने अपना पूरा यत्न किया कि मैं जितना नम्र हो सकूं कि समझूँ। और—और दूसरे लोग यदि वे... कलीसियाये जो मेरी सभाओं का जिम्मा लेती है। तब यदि वे... वे एक दूसरे से भिन्न है, परंतु वे मुझसे प्रेम करते है, और वे मेरी सभाओं की जिम्मेदारी लेंगे। और मैं उन के लोगों के मध्य में आऊंगा, और निश्चय ही एक भी बात ना कहूंगा। एक—एक सज्जन व्यक्ति यह कभी नहीं करेगा, सिवाये एक मसीही के। निश्चय ही नहीं।

और तब यदि मैंने तम्बू की सभाये की; जिनकी मैं रूपरेखा बना रहा हूं, प्रभु ने चाहा तो, किसी दिन। तब मैं—मैं, इससे पहले इनमें से किसी चीज की दूं, पहले प्रातः की सभा पास्टरो के साथ होगी, बहुत दिनों के लिए, उन्हें मालूम हो कि मैं क्या सिखाने जा रहा हूं। और तब यदि वह भाई इसे नहीं देखता, और सहमत नहीं होता, कोई भी भाई, तो फिर उन्हें अपनी श्रोतागणों को ले जाने दो, कहे कि, “अब, मैं नहीं चाहता कि आप इसे सुने। जब वे इसे सिखाएंगे तो हम अलग रहेंगे।” समझे? और उन्हें छूट देंगे। हम सदा परमेश्वर के साथ एक रसता चाहते हैं और उसके बालकों के साथ, प्रत्येक के साथ।

10 इसलिए, अब, प्रभु चाहा तो मेरे पास उत्तर देने के लिए प्रश्न है। और मैंने सोचा हो सकता है मैं थोड़ा सा पहले इस प्रश्न का उत्तर दू। मैंने सोचा यहां मेरे पास एक है, और परंतु यह स्वप्न था जो किसी ने दिया था, और चाहा कि इस पर प्रार्थना की जाए और इसका अर्थ बताया जाए। तो जो कि प्रभु हमारा इतना अनुग्रहकारी है, यह बहुत सी बार, ऐसा करता है।

11 अब, मैं आपको यह बता देना चाहता हूं इससे पहले कि हम आराधना आरंभ करें, कि आप सब सादर आमंत्रित है, हर सभा हर समय जो हमारे पास एक है। और लुईसविले से, नगर के बाहर से, नगर से, और आसपास से; यह अच्छी सेवक गण भाई जो सेलर्सबर्ग से; गाने वाले; वह महिला, वह जो भी थी, यहां थोड़ी देर पहले गाया, और वह छोटा। हम आपको बहुत–बहुत धन्यवाद देते है। मैं—मैं पीछे किसी भाई से बात कर रहा था, और मुझे अवसर तक नहीं मिला कि देखूं कि वह कौन था, और यह क्या

था, परंतु निश्चय ही मैंने इसे सुना। और यह सुंदर था, और निश्चय ही, और मैं उस प्रयत्न की सराहना करता हूं। अब हम...

12 पिछली रात्रि मैं इस पर चूक गया। मेरे पुत्र ने इसे मेरी जेब में डाला। किसी मूल्यवान व्यक्ति ने इसे लिखा। और अब स्मरण रखे, यह प्रश्न मत भेद के लिए नहीं। कभी–कभी, हो सकता है, जब उन्होंने यह लिखा, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि वे अलग है, परंतु यह ईमानदार होते हैं जो मालूम करने प्रयत्न कर रहा है। समझे? इसी प्रकार से हम सदा निकट पहुंचते है, कोई व्यक्ति वास्तविक ईमानदारी के साथ यह खोजना चाहता है कि सही क्या है।

13 अब, यहां कुछ समय पहले, मैं घर पर था, प्रार्थना सभा कर रहा था। और भाई जूनियर जेक्सन, मैंने उन्हें थोड़ी देर पहले सुना, या मैंने सोचा, मैंने सुना, वह मेरे साथ था। और उन्होंने बोलने के द्वारा पाया। और एक और सेवक दूसरी कलीसिया से था। और इससे अधिक कि मैं मुश्किल से मंच पर पहुंचने वाला ही था, वह ऊपर कूद कर आ गया और आरंभ हो गया, मेरे साथ विवाद करना चाहता था। ऐसा हुआ कि वहां लगभग पांच सेवक गण थे, और वे सब एकदम से उस व्यक्ति पर चढ़ाई करने जा रहे थे। मैंने कहा, "नहीं। यह मत करिए। अब, उसने—उसने मुझे चुनौती दी, इसलिए वह और मैं इस पर बात करें।"

उसने आरंभ किया, "हम वहां बोलते हैं जहां बाईबल बोलती है; जहां यह शांत है हम शान्त है," और आदि। और वे हट गए। और थोड़ी ही देर में... मैं वचनों को ध्यान में रखता रहा, वह गलत उल्लेख कर रहा था, वचनों को इधर–उधर कर रहा था। कहा, "वहां नहीं—वहां बारह व्यक्तियों के सिवाय कोई नहीं था जिन्होंने कभी पवित्र आत्मा को पाया। वह वे चेले थे। और दिव्य चंगाई केवल उन्हें बारह को दी गई थी," और आदि–आदि। इसलिए, आप देखिए, वह निशाने से लाखों मील दूर भटक गया। इसलिए इसके पश्चात... उसके बाद मैं... आधा घंटे बोलने के पश्चात, मैंने उससे पूछा... और उसने कहा कि मैं शैतान हूं।

14 और इसलिए तब, वह बोल चुका उसके बाद, मैंने कहा, "अब पहली बात, भाई, जो मैं कहना चाहता हूं, मैं इसके लिए आपको क्षमा करता हूं, क्योंकि आपका अर्थ ऐसा नहीं है। मैं जानता हूं आपका यह अर्थ नहीं था। क्योंकि, यदि आप एक सेवक है और मैं एक सेवक हूं, हमें भाई–भाई होना

चाहिए।" देखा? और तब मैंने कहा, "अब, वचन में एक दूसरे को गलत समझने के लिए, कुछ भिन्न है।"

15 इसलिए तब हमने वचन लेना आरंभ किया। और वह बेचारा एक मिनट में इतना खो गया, वह नहीं जानता था कि कहां खड़ा हो या क्या करें। तब, वह इतना घिर गया, वह नहीं जान पाया कि क्या करें। और वह, जब भवन से बाहर निकला, उस रात्रि, उसने कहा, "मैं एक बात कहुगा भाई ब्रंहम। आप में मसीहा का आत्मा है।" समझे?

और मैंने सोचा, "कुछ मिनटों पहले 'शैतान,' और अब 'मसीह का आत्मा।'" केवल यही विधी है कि इस पर पहुंचते है। बस यही है। मसीह विवाद के लिए नहीं था।

16 अब—अब, मनुष्य, क्योंकि उसने यह किया है, भयानक बातें उस पर घटित हुई, लगभग उसका मस्तिष्क समाप्त हो गया। संस्थान या कहीं से तो, खिड़की में से बाहर कूद गया, और स्वयं को मार लिया। और अब वह मेरे कुछ अच्छे मित्रों के पास आ रहा है। वह हर दिन, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे की खोज में है। मेरे घर आना चाहता है, कि उस पर पवित्र आत्मा पाने के लिए हाथ रखा जाए; एक बड़े नामधारी कलीसिया का प्रचारक। समझे?

17 इसलिए, ईमानदार ह्रदय से हम प्रश्नों का उत्तर देते है, अपने सारे यत्न से जो हम जानते हैं कि कैसे उत्तर दें।

18 और अब मैं इस प्रश्न को पढूंगा, अच्छी तरह लिखा हुआ है।

1. भाई ब्रंहम क्या कृपा करके, आप इसकी व्याख्या करेंगे कि प्रेरितो के काम 2:4 में लोगों ने अन्य भाषा क्यों बोली या भाषाये, यहां तक की इसके पहले भीड़ एक साथ जमा होती प्रेरित 2:6 में?

यह पहला प्रश्न है। जी हां। यह वही व्यक्ति है, मैं भी समझता हूं। हां, यह वही व्यक्ति है।

19 अच्छा, अब, यदि आप ध्यान देंगे, भाई, बहन, आप जिसने भी यह लिखा है। इसमें उनके विषय एक शब्द भी नहीं लिखा, ऊपर से नीचे आ रहे थे। और श्रोता गण ऊपर सीढी पर नहीं थे। परंतु जब वे नीचे आंगन में आए जहां पर भीड़ जमा थी, और यह वहां जहां उन्होंने उन्हें अन्य भाषा बोलते सुना। समझे? समझे?

20 अब, आप कह सकते है कि, “तो, वे वहां पर नहीं बोले।”

और यदि यह विवाह या कहा–सुनी थी, आपको भी कहने का उतना अधिकार है, “वे तब तक नहीं बोले जब तक वे वहां नीचे ना आए, क्योंकि, ‘जब यह शोर बाहर हुआ।’” समझे?

अब, दूसरी बात यहां है, यह उसके साथ–साथ चला।

2. क्या आप व्याख्या करेंगे कि शमौन को कैसे मालूम पड़ा कि पवित्र आत्मा दे दिया गया है प्रेरित के कार्य 8:18? यह सामरिया में है।

21 वहां एक बात है, वह इसलिए नहीं जान सका कि उन्हें पवित्र आत्मा मिला क्योंकि अन्य भाषा बोली गई, या बाईबल ने यह नहीं कहा कि उन्होंने भाषाये बोली। उन्होंने केवल परिणामों को देखा। बिना उन्हें कुछ हुए, कोई भी पवित्र आत्मा प्राप्त नहीं कर सकता। यह ठीक बात है। परंतु यह नही कहा गया कि वहां उन्होंने अन्य भाषा बोली, इसलिए कुछ तो और है जो उसने अन्य भाषा में बोलने को छोड़ देखा, क्योंकि उन्होंने अन्य भाषा बोली, ऐसा कोई उल्लेख नहीं है।

3. और व्याख्या करें कि हम यह कैसे जाने कि कुछ लोग पेंटीकोस्ट पर गलीली बोले।

22 उनका बड़ा भाग जो वहां था गलीली थे। और वे सारे... अब, जैसे मैंने आज प्रातः बताया... अब, दो बातें हैं, जो क्षमताये है। अब, मैं वह भाग लेने जा रहा हूं, जो कि लोग अन्य भाषाये बोल रहे थे; वे लोग जो अन्य भाषा नहीं बोल रहे थे, परन्तु भाषाओं में, जब वे ऊपर की कोठरी से बाहर आए और लोगो से मिलने लगे। परंतु यदि आप वचन को पढ़ेंगे, अब ध्यान से सुने।

> ... *क्या यह सब* गलीली नहीं, जो बोले?
>
> *तो फिर क्या हम—हम में से हर एक अपनी अपनी जन्म भूमी की भाषा सुनता है?*
>
> ... *क्या यह सब* गलीली नहीं जो बोलते हैं?

23 वे गलीली भाषा बोल सकते होंगे, परंतु वे उन्हें अलग–अलग भाषा में सुन रहे थे। यह हो सकता है कि वे अन्य भाषा बोल रहे हो, उनकी अपनी भाषा। किसी भी तरह से कोई अंतर नहीं पड़ता, यह अब भी पेंटीकोस्टल अवधारणा को सही नहीं बनाता। समझे? क्योंकि... सुनिए। यहां क्यों है।

कुछ भिन्न कहने के लिए नहीं, परंतु वास्तविकता को सीधा–सीधा करने के लिए। यदि आप ध्यान दें, तो फिर पतरस क्यों उठा और सारी भीड़ से बोला, और उनमें से प्रत्येक उसे भाषा में सुना जो वह बोल रहा था। क्योंकि, तीन हज़ार दृढ़ यहूदियों का मत परिवर्तन हो गया था, वे जो अपने धर्म में जितने दृढ़ हो सकते थे वे थे। परन्तु उन्हें खड़ा होना चाहिए, और जो पतरस भविष्यवक्ताओं पर प्रचार कर रहा था हर शब्द समझा, और आदि–आदि, पेंटीकोस्ट पर ला रहा था। क्योंकि वे चिल्ला उठे, और बोले, "पुरुषों और भाइयों, बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं? "

पतरस ने कहा, "मन फिराओ, और अपने–अपने पापों की क्षमा के लिए तुम में से प्रत्येक यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले।"

24 अब मैं इसे अपने पूरे ह्रदय से—से कहूं, इसलिए आप सब देखें… जिससे कि मैं आपको क्या समझाना चाहता हूं। निश्चय ही मैं अन्य भाषा बोलने में विश्वास करता हूं। मैं यह विश्वास करता हूं कि यह कलीसिया के लिए वरदान है। मैं विश्वास करता हूं कि भाषा है। मैंने अन्य भाषाये बोली है, बहुत सी बार स्वयं, मैंने।

25 मैं आपको एक छोटी घटना बताऊं, मैं क्या सोचता हूं कि पेंटीकोस्ट क्या था। और तब मैं… कुछ इस प्रकार का, अब, या कुछ इस प्रकार से। मैं डालास में था–… होस्टन, टेक्सास, *इस* चित्र के लिए जाने के लगभग एक दिन पहले। हमारे पास संगीत का भवन होता; हमारे पास आठ हजार थे। लोग अंदर नहीं आ सकते थे, इसलिए हम रेमण्ड रिची के आराधनालय को चले गए। मैं थोड़ा भूल गया… यह एक बहुत बड़ा आराधनालय था। और—और हमने उसे पूरा भर दिया। और मैं यहां बीमारों के लिए प्रचार और प्रार्थना करता होऊंगा। तब, जबकि वे उन्हें बाहर रखे हुए थे, तो मैं वहां जाकर उन्हें प्रचार और प्रार्थना करता, यहां से रेमण्ड रिची के यहां नदी पार।

26 और तब जब हम वहां थे, और संगीत भवन की ओर वापस आना तय कर रहे थे, मुझे… हावर्ड ने मुझे उतनी दूर जाने दिया जितना मैं जा सकता था। और उसने मुझे कंधे पर से छुआ, मेरे एक ओर थपथपाया। [भाई ब्रंहम अपने थपथपाते है—सम्पा।]

यदि आप कमरे में ध्यान दें, जब अभिषेक होता है, वे *इस* तरह से मुझे थपथपाते है। [भाई ब्रंहम अपने को थपथपाते है—सम्पा।] इसका अर्थ,

“यह जाने का समय है। और अधिक कुछ नहीं ना कहें। आ जाए।” और हावर्ड, अक्सर मैं वहां खड़ा होता, वह मेरा हाथ लेकर, अपने कंधे पर डालता और बाहर चला जाता। समझे? क्योंकि, वह जानता था, मेरा अब बहुत हो गया।

ठीक है, जब उसने मुझे शाबाशी दी मैं प्रचार मंच से जाने लगा। मैंने कहा, “ठीक है, भाई।” मंच पर से जाने लगा, और एक लड़की, छोटी लड़की, बैठी थी, यहां खड़ी थी, चिल्ला रही थी। छोटी, मैक्सीकन लड़की, देखने में लगभग बारह, चौदह वर्ष की थी, प्रारंभिक युवा अवस्था। और मैंने उसे देखा, और मैंने कहा, “प्रिय, क्या बात है?” मैंने कहा, “वह चिल्ला रही थी, हावर्ड, क्योंकि... ”

कहा, “तुम ने बहुत ले लिया। तुम्हारे पास वहां दूसरा झुण्ड वहां प्रतीक्षा कर रहा है।”

और मैंने कहा, “उसे यहां ले आओ।” और मैं थोड़ा पहुंचा *इस* प्रकार का प्रस्ताव। और वह मंच पर आ गई। मैं विश्वास करता हूं कि भाई वुडस और वे वहां उपस्थित थे, अब। वे सभा में थे। मैं नहीं जानता कि उस समय थे या नहीं। भाई वुडस, आज रात्रि आप कहां है? [भाई बैक वुड कहते हैं, “यहां।”—सम्पा।] क्या... यह ठीक है? [“ठीक है।”] हां, आप वहां थे। और मैंने कहा, “लड़की को ऊपर मंच पर लाओ।”

ठीक है, मैंने कहा, “देखो, प्रिय। क्या आप विश्वास करती है कि परमेश्वर योग्य है कि मुझे तुम्हारी परेशानी बताये?” और उसने अपना छोटा सिर नीचे कर लिया। “अच्छा,” मैंने सोचा, “हो सकता है कि वह बाहरी और गूंगी हो।”

27 इसलिए, मैंने फिर देखा। मैंने देखा, यह बोला था। और मैंने कहा, “ओह, यह अंग्रेजी नहीं बोल सकती।” वह अंग्रेजी का एक शब्द भी नहीं बोल सकती। वह मेक्सीको से थी। इसलिए उसके पास अनुवादकर्ता आने वाला था। और मैंने कहा, “प्रिय, क्या तुम विश्वास करती हो कि प्रभु यीशु मुझे बता सकता है कि तुम्हारी क्या परेशानी है?”

और उसने अनुवाद करने वाले को कहा, “‘हां।’ वह इसका विश्वास करती है।”

और मैंने कहा, “क्या तुम बिल्कुल अंग्रेजी नहीं हो बोल सकती?” और अनुवादक ने उस से कहा।

उसने कहा, “नहीं।” वह अंग्रेजी का एक शब्द भी नहीं जानती। वह मेक्सीको से थी। और इसलिए जब मैं...

28 तब दर्शन आरंभ हो गया। मैंने कहा... वे दर्शन का अनुवाद नहीं करते, देखिये, क्योंकि आप लगातार बोल रहे है। कभी भी दर्शन का अनुवाद नहीं किया, इसलिए, जब तक कि वह पूरा ना हो जाए, और तब वे उन्हें बताते हैं कि क्या घटित हुआ। इसलिए, तब, जबकि मैंने बोलना आरंभ किया, मैंने एक दर्शन देखा। मैंने कहा, “मैं लगभग छह वर्ष की एक लड़की देखता हूं। कि उसने क्षत–विक्षत पहाड़ी ऊनी वस्त्र पहन रखा है, काली बालों की लटाये उसकी पीठ पर लटक रही है, और रिबन का बना फूल उसमें है। वह पुराने ढंग के आग वाले स्थान के पास बैठी है। वहां एक बड़ा बर्तन है, और वह उसमें से पीले दाने खा रही है। उसने इतने दाने खाए कि यहां तक कि वह बुरी तरह से बीमार हो गई। वह गिर गई, और उसकी मां ने उसे पलंग पर लिटा दिया, और उसे मिर्गी का दौरा पड़ा। और इसको यही हुआ। समझे? ” मैंने कहा, “तब से तुम्हे मिर्गी के दौरे पड़ते है।”

और एकदम से, इससे पहले कोई कुछ कहता, उसने अनुवादक को देखा, उसने अपनी भाषा में कहा, “मैंने सोचा था कि यह स्पेनिश नहीं बोल सकता।”

और अनुवादक ने कहा, “क्या आप स्पेनिश में बोले? ”

मैंने कहा, “नहीं, श्रीमान। मैं अंग्रेजी में बोला।”

उसने कहा, “अच्छा, इसने कहा कि आप स्पेनिश में बोले।”

मैंने इसको पकड़ा। मैंने कहा, “रिकॉर्डर को बंद करो।” वहां बड़ा रिकॉर्डरो का झुंड चल रहा था, हो सकता है तीस उन दिनों पर चल रहे थे।

भाई रोए रॉबर्सन, क्या आप वहां थे? [भाई रोबर्सन कहते है, “हां।”—सम्पा।] हां। भाई रॉय रोबर्सन और बहन रोबर्सन और वे, वहां थे।

29 इसलिए मैंने कहा, “टेप रिकॉर्डर को बंद करो। और उसे फिर से बजाओ।” और यह वास्तव में अंग्रेजी थी। परंतु, आप देखिए, तब जब मैंने आरंभ किया...

जब तक वह दर्शन चलता रहा, मैं अंग्रेजी बोल रहा था, परंतु वह स्पेनिश में सुन रहे थे। “कैसे हम हर मनुष्य अपनी भाषा में सुन रहे थे, जहां हम जन्मे थे? ” समझे? और, परंतु, जैसे ही मैंने स्वयं बोलना आरंभ

किया, तब वह एक बात ना सुन सकी जो मैंने कहा। परंतु जब कि प्रेरणा मिल रही थी...

30 जरा एक बार अब इसे पेन्तेकोस्तल पर लगा कर देखेंगे। समझे? मित्र, परमेश्वर मेरा न्यायी है। पवित्र आत्मा ने यह किया। अब यह हम फिर पेंटीकोस्टल पर लागू करके देखें, अपने मतलब के लिए। पवित्र आत्मा कुछ नहीं करेगा, बस—बस कहने के लिए उसने यह किया। इसका कोई कारण है और एक समझ। देखा?

31 अब, उस दिन, "कैसे हम हर व्यक्ति को अपनी भाषा में सुनते हैं, जिसमें हम जन्मे है? क्या यह सब गलीली भाषा नहीं बोल रहे हैं?" उन्हें कैसे मालूम हुआ कि वे गलीली थे, यदि वे गलीली नहीं बोल रहे थे तो? वे सब एक सी वेशभूषा पहने थे। उन्होंने कैसे जाना कि वे गलीली थे? "क्या वे सारे, जो गलीली बोल रहे थे? और हम कैसे हर मनुष्य को अपनी भाषा में सुनते हैं, जिसमें की हमने जन्म लिया है?"

32 तब, दूसरा मनुष्य खड़ा हुआ, एक गलीली, पतरस, और उन्हें प्रचार करने लगा। और किसी तरह से दूसरा लोगों की उस भीड़ में, तीन हजार लोगों ने उसे समझा, और आये और मत परिवर्तन किया, और अपना जीवन मसीह को दिया।

33 अब सुनिए। अब मैं कृपया आपको एक वचन और दू। आइये हम महान संत पौलूस के पास चले, और तब हम पहला कुरुन्थियों का 12वां अध्याय पढेंगे। और तब 13वे अध्याय में 1 कुरुन्थियों जब पौलूस बात कर रहा है, "यदि कान नाक से कहेगा, 'मुझे तेरी आवश्यकता नहीं है,'" और आदि–आदि, देह के सदस्य। तब 13वे—13वे अध्याय में, अब सुनिये वह क्या कहता है।

34 अब, हम जानते हैं, दो तरह की भाषाओं का उल्लेख बाईबल में है। उनमें से एक भाषा है, कि यह—यह पृथ्वी की एक बोली है। अब, दूसरी एक अज्ञात भाषा है।

35 और बहुत से मेरे मूल्यवान लोग... मैंने आपको बताया है कि मैं पेंटीकोस्टल हूं। मेरे बहुत से लोग विश्वास करते है, कि, वह जब वे पवित्र आत्मा प्राप्त करते है, तो खड़े होकर और अज्ञात भाषा में बोलते है। यह वचन के बिल्कुल विरुद्ध है। तब लोग नहीं जानते कि वे क्या कह रहे है। परंतु, पेंटीकोस्ट के दिन हर कोई जानता था कि वे क्या कह रहे है। वह हर

राष्ट्र के लिए आ रही थी। समझे? यीशु ने कहा कि, “सुसमाचार समस्त संसार में प्रचार किया जाना चाहिए, यरूशलेम से आरंभ करके।” वहां इसे इसी प्रकार ही होना है।

अब ध्यान दें। पौलूस ने कहा, कि, “एक भाषा, जिसमें आप बोलते हैं, अज्ञात भाषा जो भाषा बोलने का वरदान है, जब तक यह अनुवाद या प्रकाशन के द्वारा नहीं है, तो इससे अधिक लाभ नहीं।”

और तब हम पाते है, कि, 13वां अध्याय, उसने कहा, “यदपि मैं मनुष्यों की बोली बोलूं,” जो कि पृथ्वी पर बोलने वाली हो, “या स्वर्गदूतो की। यदपि मैं मनुष्यों की बोली बोलूं या स्वर्गदूतो की, और प्रेम ना रखू तो, मैं कुछ नहीं।” इसलिए आप मनुष्यों और स्वर्गदूतों दोनों की मूल भाषा बोल सकते है, और तब भी आपके पास पवित्र आत्मा नहीं है।

36 क्या यह हमारे पास इब्रानियो 6 में नही है? “कि वर्षा गेहूं और कड़वे दानों पर गिरती है।” क्या यीशु ने नहीं कहा कि, “वर्षा धर्मी और अधर्मी दोनों पर आती है”? समझे? वही वर्षा जो गेहूं को बढ़ाती है, ये वही वर्षा है जो—जो... बढ़ाती है। परंतु, उसके फल से, आप यह जानते है।

और आत्मा का फल प्रेम है। पौलुस ने क्या कहा, “यदि मेरे पास सब हो, सब प्रकार की भाषाओं को बोल सकता हूं, और प्रेम ना हो, कष्ट उठाना, नम्रता, विश्वास, धीरज, और आदि–आदि, तो मुझे कोई लाभ नहीं।” समझे?

37 तब वरदान के विषय में ध्यान दें। आप कहते है, “ओह, *वहां* एक परमेश्वर का महान पुरुष है। ओह, वह आश्चर्य कर्म करता है।” यह भी उसे सही नहीं बनाता।

38 “यदपि मेरे पास आश्चर्य कर्म का वरदान हो,” पौलुस ने पहले कुरिन्थियों में कहा, कुछ उस व्यवस्था में, “यदि मुझ में यहां तक विश्वास हो कि मैं पहाड़ों को हटा दू, और आत्मा का वह फल ना हो, प्रेम, मैं फिर भी कुछ नहीं।” समझे? क्योंकि, विश्वास कुछ भी कर सकता है।

इसलिए मैं हमेशा कहता हूं कि, “आप अपने उद्धार के विशेषता पर चंगे नहीं हुए। आप अपने... विश्वास की विशेषताओं पर चंगे हुए हैं, ‘यदि तू विश्वास करें।’”

39 अब, देखें, “यदि मैं मनुष्यों और स्वर्गदूतो की बोलियां बोलूं, और प्रेम ना रखूं... ,” यदपि वह इसे कर सकता है, “मैं कुछ नहीं हूं।” इसलिए, आप देखिए, आप कुछ नहीं कह सकते।

40 अब, मेरे मूल्यवान मैथोडिस्ट भाई। यहां मेरे पास जो बैठे हैं, और हर कहीं। उन में से यहां बहुत से बैठे हुए है। अपने पहले आरंभिक दिनों में मैथोडिस्ट कलीसिया इस बात का विश्वास किया करती थी, कि, “जब मनुष्य बहुत धर्मी हो जाता था, और चिल्लाने के लिए पवित्र होता था, कि उसके पास यह है।”

पेंटीकोस्टल ने कहा, “जब वह अन्य भाषा में बोला, तो उसे यह मिल गया।”

और आजकल, वे कहते है, “यदि आपके पास चंगाई की सेवकाई है तो यह आपको मिल गया।” परंतु इनमें से कोई भी नहीं...

41 मित्र, सुनिए। सनसनी पर निर्भर और ढूंढने का प्रयत्न ना करें इसके बदले वास्तविकता पर विश्वास करें, उत्तेजना पर नहीं। चिल्लाना ठीक है। अन्य भाषाओं में बोलना ठीक है। प्रभु की प्रशंसा ठीक है। आश्चर्य कर्मों का विश्वास ठीक है, यह सारी बातें।

42 और यह अनुभूतियां, उनमें से कुछ कहते है, “ओह, मुझे आंधी के से शब्द का अनुभव हो रहा है।” दूसरा कहता है, “मुझे अपने प्राण में आग का अनुभव हो रहा है।” क्या? किसी भी तरह से यह बात ठीक नहीं बनती। आप वही है जिसको आपने स्वीकार किया है, देखिए, यही है जो महत्व रखता है। समझे? इसलिए आप किसी विशेष अनुभव पर आप उंगली नहीं रख सकते।

43 अब ईमानदारी से यही सबसे अच्छा है जो मैं जानता हूं। अब, मैं गलत हो सकता हूं; यदि मैं हूं, तो मैं पवित्र शास्त्र को गलत समझता हूं। और यदि यह विरोध में है, ठीक है, तो मेरा अर्थ विरोध से नहीं है। समझे? परंतु मैं केवल अपना अनुवाद बता रहा हूं जो कि मैं विश्वास करता हूं कि यह सत्य है।

44 अब, हमने अपना बहुत समय इस पर ले लिया है इससे पहले कि हम अपनी नियमित सभा आरंभ करें। और अब—अब इन बातों की आराधनालय में अधिकतर उल्लेख नहीं करते। यह पहली बार था, मेरा अनुमान है बहुत, लंबे समय से, हो सकता है, एक या दो कुछ ऐसे ही वर्षों

से। और तब ऐसा हो सकता है कि हमारे कुछ लोग आए, और वे कहते है, “तो, भाई ब्रंहम, मेरी—मेरी जुबान लड़खड़ाई। और मैंने *यह* किया। मैंने *वह* किया।”

मैंने कहा, “अच्छा, ठीक है। यह बहुत अच्छा है।”

45 अब, यदि आप अन्य भाषाओं में बोलना चाहते हैं, मैं विश्वास करता हूं कि परमेश्वर आपको यह करने देगा। परंतु वचन के अनुसार आप अब भी कुछ नहीं है, जब तक कि पवित्र आत्मा नहीं आता।

पवित्र आत्मा के आने के पश्चात, तब आप अन्य भाषाओं में बोल सकते हैं और... परमेश्वर उसी स्वभाव को लेगा जो आप है, और आपके लिए काट देगा, और आपको अच्छा सेवक जो आप हो सकते हैं बनाएगा। वह आपसे सुसमाचार प्रचार करवा सकता है। वह आपको अन्य भाषा बोलने का वरदान दे सकता है। वह आपको एक भविष्यवक्ता बना सकता है। वह आपको भविष्यवाणी की आत्मा दे सकता है। वह कर सकता है। कठिन बताता है, वह आपके लिए क्या करेगा। या, वह आपके लिए सारी बातें कर सकता है। परंतु पहली बात जिसके लिए निश्चित होना है, कि, “एक के द्वारा... ” सनसनी या अनुभूति नहीं। “परंतु एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने एक ही दह में बपतिस्मा लिया है।” और तब वरदान उस देह में से आता है, अन्य भाषाओं में बोलना, और हर चीज।

46 यह क्या है, यदि—यदि नाजरीन मेरे पास आते है। आप कहेंगे, “भाई ब्रंहम, अब, यहां नाजरीन और मैथोडिस्ट है। वे कहते है जब वे चिल्लाये तो उन्हें पवित्र आत्मा प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि उन्हें पवित्र आत्मा मिला है।” मैं नहीं कर रहा हूं कि उन्हें नहीं मिला।

परंतु यहां एक चीज है जो मैं देखता हूं, “उनके फलों के द्वारा।”

जब सत्य प्रगट हो गया, तो उनमें से कुछ इसके विरुद्ध हो गए, बहुत कड़वाहट के साथ, “यह शैतान है।” तब फल यह दर्शाता है कि वह कहां से आ रहा है। समझे? यह ये दर्शाता है कि उन्हें यह नहीं मिला। परंतु वे जो उजियाले में चलना चाहते हैं, वचन को लेते है।

47 यहां कुछ समय पहले, मैं केन्टकी में प्रचार कर रहा था। और सभा के बाहर एक व्यक्ति था जो ऐसी कलीसिया का जो विश्वास करते हैं कि आश्चर्यकर्मो के दिन बीत गए। वह अपने हाथ में एक लालटेन पकड़े हुए था।

और उसने कहा, “मैं आप जो प्रचारक है आपकी प्रतीक्षा कर रहा था।” एक बूढ़े अंकल और मैं, जो अब चले गये।

और मैंने कहा, “जी हां, श्रीमान।”

उसने कहा, “मैं *अमूक-अमूक हूं।*”

और मैंने उनसे हाथ मिलाया। मैंने कहा, “निश्चय ही मैं आपसे मिलकर प्रसन्न हूं, मेरे भाई।”

और उसने कहा, “मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं विश्वास करता हूं कि आप बिल्कुल गलत है।”

मैंने कहा, “खैर, आपको ऐसा करने का अधिकार है, क्योंकि आप एक अमेरिकन है।” और उसने कहा... भाई, आप देखिए... और हमें है... मैंने कहा, “किस बात में गलत? क्या आपका अर्थ चंगाई से है? ” मैंने कहा, “उस नंगे पैर वाली लड़की के विषय में क्या है जो बीती कल रात्रि में चलती चली गई, उसके पास छोटी बालिका थी? ”

वह स्वयं में चौदह वर्ष से ऊपर की नहीं थी, नंगे पैर। छोटी उम्र... आप उसे क्या कहते हैं? गिधम, कपड़ा था, या किसी प्रकार की वेषभूषा। मैं इन चीजों के विषय में नहीं जानता। और—और उसके हाथ छोटी बालिका थी, और मेरी तरफ आई। और लोग सटे हुए थे–... और यह मैथोडिस्ट आराधनालय था, वाइट हिल, मैथोडिस्ट चर्च, बरकेस विल, केन्टकी, से थोड़ा बाहर, जहां मेरा जन्म हुआ था। और उसके पास यह छोटा बालक था। और मैंने कहा, “बहन... ”

मैंने पूछा था, “कोई बीमारी है क्या? ”

वह संकोच करती हुई, अपना छोटा सा सर झुकाए, वहां से निकलती हुई आई। और उसने कहा, “हां, श्रीमान, मेरा बालक।” और वह छोटी सी *इस* प्रकार से आ रही थी।

मैंने कहा, “बहन, इसके साथ क्या परेशानी है? ”

उसने कहा, “इसे झटके लगते है।”

और मैंने कहा, “झटके? ”

“हां, श्रीमान।”

मैंने कहा, “कितने समय से इसे यह झटके से लगते है? ”

और उसने कहा, “तो, जब से यह जन्मा है, और यह लगभग साल का है।”

और मैंने कहा, “क्या आप चाहेगी कि मैं इस बालक को गोदी ले लू? ” वहां ऊपर उन पहाड़ों में आपको इस प्रकार देखने को मिलेगा।

और उसने कहा, “जी हां, श्रीमान।” उसने उस छोटे से बालक को मेरे हाथों में दे दिया।

48 अपने ह्रदय में, मैं एक मिनट शांत खड़ा रहा। मैंने कहा, “परमेश्वर, यदि आप इन लोगों को मुझे जीतने दे, तो फिर मेरे लिए अब कुछ करें।”

और जबकि मैं उसे अपने हाथों में लिए हुए था। वह झटके रुक गए। मैंने इसकी ओर देखा। उसके हाथों को सही से करके, उसके साथ खेला, और हंसते हुए दांत दिखने लगा मुझ पर हंसा। मैंने उस लड़की को देखा। और वह उठी... उसका सिर नीचे था, बाल खुले, और उसकी पीठ पर लटक रहे थे, और सलवटे पड़ी थी। उसने अपना सिर उठाया, और उसके छोटे गालों पर आंसू बहने लगे। कठोर मनुष्य वहां खड़े थे, उनके चेहरों पर *इतनी* लंबी दाढ़ी थी, और आंसू उनके गालों पर वह रहे थे। मैंने चारो ओर देख कर। कहा, “यह आपका बालक है, बहन। यीशु मसीह ने इसे चंगा कर दिया है।” और वे बूढ़ी महिलाये बेहोश होने लगी और फर्श पर गिर पड़ी, और उनके मुख पर पानी डाला, और उन्हें पंखा किया।

और—और, क्यों, मैंने कहा, “इसने क्या किया? ”

उसने कहा, “श्रीमान ब्रंहम, मैं किसी भी चीज को जब तक स्वीकार नहीं करता जब तक मैं उसे अच्छी तरह से देख ना लू।”

मैंने कहा, “मैं समझता हूं, अच्छा विचार है। परंतु,” मैंने कहा, “मैं आपसे पूछना चाहता हूं, आप कहां रहते हैं? ”

उसने कहा, “वहां पहाड़ के पीछे, यह रास्ता है। आज रात्रि मेरे साथ रात्रि भोज पर चलिए, मैं आपको मक्खन दूध और रोटी दूंगा।”

मैंने कहा, “मैं जाना चाहता हूं, और मैं वास्तव में भूखा हूं, लेकिन,” मैंने कहा, “मैं यह नहीं कर सकता। मुझे अपना चाचा के साथ घर जाना है।” और वह... मैंने कहा, “अच्छा, मैं आपसे पूछना चाहता हूं—मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं। आप कैसे जानते हैं कि आप घर पहुंचेंगे? ”

उसने कहा, “तो, मैं इस पर चढ़ जाऊंगा।”

मैंने कहा, “क्या आप अपना घर देख सकते हैं? ”

उसने कहा, “नहीं।”

मैंने कहा, “तो फिर आप कैसे जानते हैं कि आप वहां पहुंच रहे हैं? ”

उसने कहा, “एक मार्ग है जो वहां ले जाता है।”

मैंने कहा, “परंतु, फिर भी, आप उसे नहीं देख सकते। और आपने अभी मुझे बताया, कि जब तक आप अच्छी तरह से नहीं देख लेते आप कोई बात स्वीकार नहीं करते।”

“ओह,” उसने कहा, “मैं बस इस बत्ती को लूंगा और उजियाले के साथ चलूंगा।”

मैंने कहा, “मैं भी यही यत्न कर रहा हूं कि आप यही करें।”

जैसे लालटेन उजियाला देती है, आप उजियाले में चलते हैं, जैसे कि वह ज्योति में, चलता है। हम वहां पहुंचेंगे, ठीक है। यदपि मैं अंत नहीं देखता, स्पष्ट रूप से नहीं देखता, परंतु मैं जानता हूं कि यह वहां होगा।

आइए अब हम प्रार्थना करें।

49 स्वर्गीय पिता, हम यीशु मसीह की भलाई के लिए तेरे धन्यवादित है, जो प्रेम का केंद्र है। और मैं सोचा करता था, कि आप मुझ से अप्रसन्न है, परंतु यीशु मुझ से प्रेम करता है। परंतु अब मुझे मालूम पड़ा कि यीशु ही वह परमेश्वर का ह्रदय है, इसलिए मैं—मैं जानता हूं कि आप मुझसे प्रेम करते हैं, और—और मेरे लिए दुःख उठाया।

50 और, पिता परमेश्वर, आज मैं इस संसार के लिए प्रार्थना करता हूं, और आपने राष्ट्र के लिए। प्रभु, मैं प्रार्थना करता हूं, कि मुझे मेरे अपराधों के लिए क्षमा करें और अपने लोगों के अपराधों के लिए, वे लोग जो तूने मुझे चरवाही के लिए दिए है। और मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उन्हें आशीषित करेंगे, और उन हर लोगों को जो इस छोटी सभा में थे, जिन्होंने प्रश्न पूछे। या—या हो सकता है, कि उनके विश्वास के विरुद्ध मैंने कुछ कहा हो। प्रभु, मैं इसे स्वयं से खोल कर नहीं बता सकता। मैं अयोग्य हूं। परंतु... क्या आप उन्हें समझाएंगे पिता, कि ह्रदय से मेरा क्या अर्थ है? कृपा करें। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप यह करेंगे। उन्हें एक साथ, आशीषित करे।

51 अब हमें जबकि हम आपके वचन की प्रतीक्षा कर रहे है, बपतिस्मे की सभा से कुछ क्षणों पहले आपके वचन के लिए। जो सही हो उसे बोलने में

हमारी सहायता करें। इस संदेश में आज रात्रि हमारी सहायता करें, मेरा गला थोड़ा सा खरखरा रहा है। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप मेरी सहायता करेंगे, प्रिय परमेश्वर, और आप बीमारों को भी चंगा करेंगे और लोगों के मध्य में जो अपाहिज है। क्योंकि हम यीशु के नाम में मांगते है। आमीन।

52 अब, यदि आप चाहे तो, क्योंकि अगले कुछ क्षणों के लिए हम रोमियों का, 6वां अध्याय निकाले।

ओह, रुकिये। मेरा विश्वास है कि मेरे पास है... मेरे पास बहुत सारे प्रश्न है–... मैं इनका बुधवार की रात्रि में उत्तर दूंगा, यदि यह ठीक हो। मैंने अब बहुत देर कर दी। मैंने ध्यान ही नहीं दिया कि वे अभी तक यहां रखे है।

अब, रोमियो का 6वां अध्याय, आईये पढ़े।

> *सो हम क्या कहे? क्या हम पाप करते रहे कि अनुग्रह बहुत हो?*
>
> *कदापि नहीं। हम जब पाप के लिए मर गए तो फिर आगे को उसके उसमें क्यों कर जीवन बिताये?*
>
> *क्या तुम नहीं जानते, कि... हम जितनो ने मसीह यीशु का बपतिस्मा लिया, सो हमने मृत्यु का बप्तिस्मा लिया?*
>
> *इसलिए उस मृत्यु का बपतिस्मा पाने से हम उसके साथ गाड़े गए: ताकि जैसे मसीह पिता की महिमा के द्वारा मरे हुओ में से जिलाया गया, वैसे ही हम भी नये जीवन की सी चाल चले।*
>
> *क्योंकि यदि हम उसकी मृत्यु की समानता में उसके साथ जुट गए है, तो निश्चय ही उसके जी उठने की समानता में भी जुट जायेंगे।*

53 यदि मैं आज रात्रि बीस मिनट के लिए, एक मूल पाठ लू, तो मैं यह कहूंगा, "पहचान," *मसीह के साथ पहचाने गए।*

54 आप जानते है, वहां, आज राष्ट्र में, बहुत सारे असंतुष्ट लोग है। और ये अद्भुत है, जब हम देखते है और पाते हैं कि इतनी अधिक असंतुष्टता है। कि लोग जानते ही नहीं कि वे क्या करना चाहते है। वे तीस मील की गति प्रतिबन्ध क्षेत्र में सड़क पर लगभग सत्तर या अस्सी मील की गति से आते है; टब्रेको पर फिसलते और मोड पर घुमाते है, और फिर इतनी गति से आरंभ करते है, कि उनके आधे टायर जल जायेगे, केवल एक ब्लाक की

दूरी भर जाकर और थोड़ी देर बात करने के लिए। ऐसा लगता है लोग नहीं जानते कि वे क्या करना चाहते है।

55 कुछ लोग इतने परेशान हो जाते हैं इतना तक कि वे दवाखाने पर जाकर और अपने लिए आर्सैनिक की, या गंधक के तेजाब या कुछ खरीदते है और आत्महत्या कर लेते है। वे मरे हुये मिलते हैं। कुछ अपनी गैस को कमरे में खोल देंगे, या अपने वाहन में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस पाइप के साथ, और जीवन से अलग होने का यत्न करते है। कुछ पुल पर चढ़ जाते है, और एक छोटी टिप्पणी लिख कर अपने कोट पर चिपका देते हैं, और उसे एक ओर रख देते है, और स्वयं मरने के लिए नदी में कूद जाते है; पहाड़ों पर से ऊंची मीनारों पर से कूद जाते है। और कुछ पिस्तौल लेंगे और अपने सिर पर लगाकर, और अपने भेजे हो उड़ा देते है। वे केवल असंतुष्ट है।

56 असंतुष्ट लोगों से अस्पताल भरे पड़े है। पागलों के संस्थान भरे पड़े है। असंतुष्ट! वे नहीं जानते कि वे क्या करना चाहते हैं। कुछ ऐसा प्रतीत होता है कि वे उसके पास पहुंच रहे है, परंतु वे वहां तक कभी नहीं पहुंचते।

57 और हम यह पाते हैं, कि घर जो राष्ट्र का और—और कलीसिया का आधार, हम पाते हैं कि घर टूटे हुए है, और तलाक लेने वालों से न्यायालय भरे पड़े है। माताओं का किशोर अपचारी, अपने छोटे-छोटे बालको को आया के—के पास छोड़ कर और—और बाहर काम करने के लिए जाती है और कहीं जब उनके पतियों को अच्छी नौकरी मिलती है, परंतु वह अच्छी मां बनने के लिए संतुष्ट नहीं और घर पर रहने के लिए। वे महिलाओं के समान वस्त्र पहन कर संतुष्ट नहीं है। वे—वे पुरुषों के समान वस्त्र पहनाना चाहती है। पुरुष स्त्रियों के समान होना चाहते है। और वे बस... ऐसा लगता है, कि कहीं पर कुछ गड़बड़ है। और लोग किसी चीज के लिए बढ़ रहे हैं, और उसे पा नहीं सकते। ऐसा में होना यह दयनीय स्थिति है।

58 उन्होंने चारों ओर देखा कि कुछ पाए, और स्वयं के लिए आदर्श बनाएं। हम अपने दिनों की महिलाओं को वे ले, वे टेलीविजन को तब तक देखती है जब तक वह किसी फिल्मी सितारे को नहीं देख लेती। या, वह बाहर आकर, एक विशेष प्रकार के वस्त्र पहनती है, और सारी महिलाये उसके समान वस्त्र पहनती है, या उसके समान व्यवहार करती है, कि स्वयं को आदर्श बनाये। कुछ सुंदर युवतियां, अपने जीवन के चढ़ाव पर, स्वयं को

इस प्रकार का आदर्श बनाने का यत्न करेगी, और किसी फिल्मी सितारे को अपना आदर्श बनाने का यत्न करते हैं जिसके अनुसार वे चलते हैं। और अंतत: स्वयं को पाप के कटघरे में घायल पाते हैं कि वे बाहर नहीं निकल सकते। कितना दयनीय है! उन्हें सभाओं में आते हुए देखते है, आंसू उनके गालों पर बहते है, परंतु वह कुछ ढूंढ रहे है।

59 हम मनुष्यों को लेते है। आप उन्हें सड़क पर पकड़ते हैं या उनके व्यापार में। बूढा मनुष्य युवा बनना चाहता है। वह अपने सिर के ऊपर से अपने बाल काटेगा, और पीछे एक—एक बत्तख की पूछ बनाता है। वह युवा बनना चाहता है। तुम युवा उन नाचने वालों के राजा के समान बनना चाहते हो। वे कहा बंधे हुए हैं? पाप और अशिष्टता में।

60 मनुष्य असंतुष्ट लगता है। वह हर जगह भाग रहा है। वे लेकर... वे रेडियो लेकर चुटकुले, और वे जो चुटकुले और चीजे सुनाते हैं उन्हें सुनते है। और वे बाहर जाकर उनकी नकल या—या उनके समान व्यवहार करना चाहते है।

61 आप सड़क पर छोटे लड़के को ले। मैं यहां कैसे जानता हूं! और उसे पेलेडीन या एक होमलोग केसडी या कुछ होना होता है। या... और व्यापारिक संसार ने इस पर कब्जा कर रखा है और इससे लाखों डॉलर बनाते है। उन्हें रॉय रोगेस, या एक—एक श्री डिलिन, या—या किसी टेलीविजन कार्यक्रम का हिस्सा हो जाना चाहता है।

वे उस व्यक्ति की नकल करना चाहते है। वे उन्हें एक आदर्श बना लेते है। वे उन्होंने अपने—अपने जीवन के मापदंड के लिए उन्हें ले लिया है। और मार्ग के अंत में वे क्या पाते हैं? वे छोटे लड़के माफिया या लुटेरे बन जाते है। स्त्रियां वेश्याये बन जाती है, और—और आवारा, और—और अपचारी लोग। पुरुष जुआरी हो जाते है, और, "परमेश्वर से अधिक सुख विलास के चाहने वाले।" कलीसियाये दूसरी कलीसिया की नकल करना चाहती है, बड़ी कलीसिया की।

62 हमें ऐसा प्रतीत होता है, कि लोगों में संतोष नहीं है। वे क्या करते हैं...

उन से यह कौन करवाता है? यह किसी कारण से है। यह स्वभाव है। परमेश्वर ने उन्हें वह स्वभाव दिया है। उनके पास एक स्वभाव है जो उनसे उनकी स्वयं की पहचान करवाना चाहता है। उनके पास कुछ होना चाहिए जिस जीवन के उद्देश्य समान वे होना चाहते है।

वे फिल्मी सितारे, या एक चरवाहे, या—या कुछ इसी विचारधारा पर बनना चाहते है।

63 घर जाते समय मैं रेडियो सुन रहा था, जिसमें कोई महान इटली का पुरुष, डेनवर में, भरी हुई बंदूक के साथ होपलोंग कस्डीय का तमाशा करना चाह रहा था। और इसके अलावा वह अपने बाकी जीवन में चेस्टर होने जा रहा था। उसने अपने घुटने की हड्डी में गोली मार ली। आप इसी स्थिति में है।

64 वे कुछ ऐसा ढूंढने का यत्न कर रहे है जिसके साथ वे अपनी पहचान बना सके। जिस, कारण से वे यह कह रहे है, क्योंकि उनमें कुछ है, और परमेश्वर ने उन्हें वह बनाया है।

परंतु परमेश्वर ने उन्हें आदर्श दिया है जिसके साथ वे अपनी पहचान बनाए और यह वह था, जब उसने यीशु मसीह को बनाया कि आपका बचाने वाला बन जाए। यह आदर्श है। जो कि लोग चाहते हैं, उन्हें यीशु के साथ पहचान बनानी चाहिए, कि उसके समान हो जाए।

65 यदि सब छोटे लड़के जो होपलोग कसदी या—या इनमें से कोई और; या छोटी लड़कियां, एनी ओकलीय की और आदि-आदि बनना चाहते है; यदि वे केवल यीशु के समान, जितना कि वे उसके समान बनना चाहे, तो संडे स्कूल हर जगह पूरे भर कर चलेंगे। यदि वे स्त्रियां जो फिल्मी सितारों के समान होना चाहती है, यीशु के समान बनना चाहे, तो कलीसिया, तो उन्हें कभी भी चन्दा ना लेना पड़े। निश्चय ही।

66 परमेश्वर ने मनुष्य को बनाया कि आदर्श कि इच्छा करें। और परमेश्वर ने उन्हें एक आदर्श दिया। वह आदर्श यीशु मसीह है, कि उसके साथ पहचाने जाए।

67 यदि हम उसके समान अधिक होंगे, तो इस संसार में बहुत सारे बड़े-बड़े लोग होंगे। तो फिर संसार में भूखे बच्चे ना होते। तो फिर कोई व्हिस्की या पीना, या जुआ नहीं होगा। परमेश्वर ने हमें आदेश दिया कि उसके समान हो, परंतु हमने ऐसा होने के लिए मना किया। अब, आज संसार के साथ यही मामला है। उनके पास इच्छा है, परमेश्वर ने उन्हें यह दिया है, परंतु वे गलत मार्ग पर चले गए। यह वापस फिर जाने का समय है और सही मार्ग पर आए, और कलवरी की ओर मुंह करें। प्रकृति इसे सिद्ध करती है।

68 अब, यदि आज के लोग, उस महान इच्छा और महत्वाकांक्षा के साथ कि आदर्श के लिए किसी के समान बने। यदि वे मसीह को अपना आदर्श बनाए, तो हमारे पास... तो राष्ट्र में हर पुलिस वाले को आग से भर सकेंगे। हर कोई शांत और नम्र होगा। हर कोई कृपालु होगा और एक दूसरे के लिए, भाईचारे की प्रीति होगी। तो हमारे राष्ट्र में तलाक का कोई मुकदमा कभी नहीं होगा। तब कोई बीमार ना होगी। हम अस्पतालों को बंद कर देंगे, यदि हर कोई यीशु को अपना आदर्श बना ले। फिर हमें किसी चीज की आवश्यकता नहीं होगी।

69 इसलिए, यह स्वभाव मनुष्य में है, परंतु उसने इसे गलत जगह पर रख दिया। उसने कुछ मनुष्य को बनाया... और आप जानते हैं, बाईबल ने यह कह, कि, "जब शरीर को हम अपने रुकने का स्थान बनाते है तो हम श्रापित है। जब आप शरीर आश्रित होने का यत्न करते है, या अपना विश्वास शरीर पर करते है," तो बाईबल कहती है, "आप श्रापित है।"

मैं इसे कितनी अच्छी तरह से जानता हूं! यह करना बहुत सरल है।

70 इसके बहुत सारे कारण क्या है, हमारे अखबारों के स्थान गंदी पत्रिकाओं से भरे है; हमारे घर अधनंगी तस्वीरों से भरे है। हमारे समाचार के पर्दों पर कोई सेंसर व्यवस्था नहीं है; वे खुले पड़े हैं, किसी भी प्रकार का हास्य वहां होता है, या—या ऐसी भयानक बातें। हमारे मध्य में अब कोई शुद्धता नहीं है। मैं जानता हूं कि आप सोचते हैं कि मैं इस पर बहुत कठोर हूं। परंतु यह... किसी को तो इस कठोर होना ही पड़ेगा। यह तो करना ही है।

71 जब मैं एक छोटा लड़का था तो, मैंने एक *टारजन, मानव बन्दर* की पुस्तक पढ़ी। मां के पास एक बालों वाला पुराना वस्त्र जो श्रीमती वादेन ने उसे दिया था, रसोई की मेज के सामने पड़ा था। मैंने उसे काट कर अपने लिए टारजन वाला वस्त्र बना लिया, और पेड़ पर एक सप्ताह के लिए चढ़ गया। मैं टारजन बनना चाहता था। जब मैंने *द लोन स्टार रौगर* की पुस्तक पढ़ी, तो मैंने लंबी झाड़ू लेकर एक घोड़े के समान उस पर सवारी आरम्भ कर दी, लोन स्टार रौगर बनाना चाह रहा था।

72 लोग इससे अधिक कुछ नहीं करेंगे। यह जो आपने पढ़ा है, वह संगीत, जो आप सुनते है।

एक होटल में जाए, और रॉक एन रोल नाच, कोई आश्चर्य नहीं लोग पागल हो रहे है। मानव जाति को पागल करने के लिए यह पर्याप्त है।

73 परंतु, ओह, मैं धन्यवादित रहूंगा, सारी अनन्तता का एक दिन मैंने यीशु के विषय में पढ़ा। उसने मुझे संतुष्ट कर दिया। मैं उसके समान बनना चाहता हूं। यह मेरी इच्छा है कि दूसरा गाल फेर दू, या दूसरे मील को चला जाऊं। क्षमा करने योग्य हो जाऊं, जब सारी अनियमितताये आपके विरुद्ध हो, किसी के विरोध में कुछ ना रखू। यदपि वह ठीक, या गलत प्रकार से आपके साथ दुर्व्यवहार करें, कि आपने ठीक किया है, परंतु फिर भी प्रेम करूं। मैं इस प्रकार का बनना चाहता हूं। मैं उस प्रकार का व्यक्ति बनना चाहता हूं। मैं इस योग्य होना चाहता हूं, जब मुझे गाली दी जाए तो, मैं पलट कर गाली नहीं दूंगा। यीशु मसीह में परमेश्वर ने इस प्रकार का आदर्श दिया है। हमें उसके साथ पहचाना जाना चाहिए। हम...

74 "हमें आप उसके साथ कैसे पहचाने गए," आप कहेंगे, "भाई ब्रंहम? अब... आपको हॉलीवुड के सितारे के समान वस्त्र पहनने है और यह सारी दूसरी चीजें करनी है। परंतु आप यीशु मसीह के साथ कैसे पहचाने जाते हैं?"

पहले, जो आप कर चुके हैं उसका प्राश्चित कीजिए। तब आप उसके साथ पहचाने जाते हैं, यहां इस तालाब में। कोई संदेह नहीं, क्या बहुत से उसके साथ कुछ क्षणों में पहचाने जायेंगे। इस तालाब में, आप उसके साथ बपतिस्मे में पहचाने जाते है। "क्योंकि यदि हम मसीह के साथ गाड़े गए तो हम उसकी मृत्यु, गाडे जाने, और पुनरुत्थान में पहचाने गए।" इसलिए हमने बपतिस्मा लिया। हम पानी में जाते हैं, गवाही के लिए वापस आते है कि हम यीशु मसीह में मरने, गाडे जाने, और जी उठने में विश्वास करते हैं। यदि हम उसके साथ उसकी मृत्यु की समानता में गाडे गए, परमेश्वर ने हमें प्रतिज्ञा दी है: तो जी उठने पर हम उसकी समानता में होंगे।

75 स्वयं को किसी फिल्मी सुंदरी के साथ पहचानिये, और देखिए आप कहां होंगे। स्वयं को किसी चरवाहे के साथ, या किसी युवा के साथ पहचानिये, और देखिए आप कहां होंगे।

परंतु मैं आपको आज रात्रि चुनौती देता हूं, स्वयं को यीशु मसीह के साथ उसकी मृत्यु, उसके पुनरुत्थान में पहचानिए, और देखिए पुनरुत्थान में आप कहा होंगे। "यदि हम उसके साथ दुःख उठाते है, तो उसके साथ

राज्य भी करेंगे।" परमेश्वर ने हमें प्रतिज्ञा दी है। मेरी पूर्ण इच्छा है कि उसके समान बनू।

ओह प्रभु, मुझे ले, और डालें और मुझे बनाये। मुझे फिर से संवारे। जैसे कि भविष्यवक्ता कुम्हार के घर गया, मुझे तोड़ और फिर से ढाल।

76 पुराने नियम में, जब मनुष्य स्वयं को परमेश्वर के भवन के साथ पहचानता था, तो वह सबसे अधिक अबोध मेमना जो पा सकता था, उसे लिया। और वह जानता था कि मेमना पाप से स्वतंत्रता है, क्योंकि वह कोई पाप नहीं जानता। वह जाकर, और मेमना लेता और अपने हाथों को उसके सिर पर रखता, और अपने पापों को स्वीकार करता। और विश्वास के साथ, वह अपने पापों को मेमने पर डाल देता, और मेमने की निष्कपटता उस पर आती। और तब मेमना मर जाता, क्योंकि वह पापी था। और मनुष्य विश्वास के कार्य के द्वारा जीवित रहता, जो परमेश्वर ने कहा उसका पालन करने के द्वारा। परन्तु उसने उसने क्या किया? वह मंदिर से बाहर उसी इच्छा के साथ जाता, जो आते समय थी। क्योंकि, जब लहू कोशिका टूटी... जो कि, जीवन लहू कोशिका से आरम्भ होता है। और जब लहू कोशिका तोड़ी गई, तो मेमने का जीवन मेल नहीं खाएगा, या मनुष्य के जीवन में नहीं आएगा, क्योंकि यह पशु का जीवन है। मनुष्य उसी इच्छा के साथ जो उसमें थी बाहर चला जाता है, इसलिए वह निरंतर फिर से सारे समय पाप करता है।

77 परंतु एक समय आता है जब परमेश्वर ने हमारे लिए आदर्श बनाया, और उसने हमें प्रभु यीशु को दिया। और जब पापी अपने हाथों को उसके मूल्यवान सिर पर रखता है, और अपने पापों को स्वीकार करता है, और उसके पाप, या—या पापी से यीशु पर स्थानतरिंत हो गए; और निष्कपट यीशु पवित्र आत्मा के द्वारा, उस व्यक्ति पर स्थानतंरित हो गया। "वह यीशु मसीह में नई सृष्टी है।" यही जहां पर मैं स्वयं को पहचानना चाहता हूं। बाईबल ने कहा, "उसने किसी पाप को नहीं जाना, हमारे लिए पाप बना।" यही कारण था कि उसने हमारे पाप के कारण दुःख सहा। और जो सही है, और हमारा कर्तव्य, यह उससे अधिक नहीं कि इन बातों को देखें और देखें कि यह इच्छायें जो हमारी है जिसे परमेश्वर ने हम में डाला है, कि हम में उत्पन्न करें कि हम उसके समान बनना चाहे।

78 और अब, यदि इसे विश्वास के द्वारा देख सकते है, इससे पहले कि वास्तविक इच्छा कभी आप पर प्रभाव डालें, कि आप सामने आकर उसके साथ बपतिस्मे में पहचाने जाए। और तब जैसे आप उसकी मृत्यु की समानता में गाड़े गए है, तो जी उठने पर भी आप उसकी समानता में भागी होंगे। क्योंकि जब वह कब्र में से निकला, तो वह वही यीशु था जो कब्र में गया था। "और यदि हम मसीह में है... " हम कैसे उसमें जाते हैं? पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के द्वारा। "उस दिन हम सामने आएंगे और उसके पुनरुत्थान में भागी होंगे।"

एक छोटा सा गाना हुआ करता था जो मैं गाया करता था, वर्षों पहले:

> यीशु के समान, यीशु के समान,
> इस पृथ्वी पर मैं उसके समान बनना चाहता हूं;
> पृथ्वी से महिमा तक सारी यात्रा में
> मैंने केवल उससे मांगा कि उसके समान बनू।
>
> बेतलहम की चरनी से एक अपरिचित आया, (संसार
> के लिए, अपरिचित।)
> पृथ्वी पर मैं उसके समान बनना चाहता हूं;
> पृथ्वी से महिमा तक जीवन की यात्रा में
> मैंने केवल मांगा कि उसके समान बनू।

79 उसकी नम्रता में भागी हो, आप उसकी सामर्थ में भी भागी होंगे। उसकी आज्ञाकारिता में भागी हो, और आप उसके जी उठने में भागी होंगे। वही करिये जैसा परमेश्वर ने करने को कहा है। अपने ह्रदय में जो महान बात मैं सोच सकता हूं कि यीशु मसीह के समान बनू कि उसके साथ पहचाना जाऊं। इसलिए मैं लोगों को यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा देता हूं, क्योंकि वह हमारी पहचान है। हम अपनी पहचान के संग रहते है। "वचन या काम से तुम जो भी करो, उसे यीशु मसीह के नाम से करो, इसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद करो।" और हम उसके साथ बपतिस्मे में पहचाने गए है।

80 अभी कुछ मिनटों में आज रात्रि हम लोगों को बपतिस्मा देने जा रहे हैं, लोग जो यहां कमरे में जो बपतिस्मे के लिए है। और यदि आपके ह्रदय में कोई इच्छा है, कि आप संसार के कोई महान कोई महत्त्वकांक्षा चाहते है, तो उनसे अभी प्रायश्चित्त कीजिये। आपको खेद है कि आप संसार के कोई महान व्यक्ति बनना चाहते थे। [टेप पर खाली जगह—सम्पा।] कहे,

“प्रभु, मेरी पूरी महत्वकांक्षा यीशु के समान बनने की है।” दीनता, नम्रता के साथ आये। फिर, जब आप अपने हाथों को उसके सिर पर रखते है, और विश्वास के द्वारा अपने पापों को स्वीकार कर ले, कहे, “प्रभु, मुझे खेद है कि मैंने यह किया है।” तब क्या घटित होगा? परमेश्वर आपके सारे दोष उस पर स्थानान्तर कर देगा, और उसकी निष्कपटता को ले और अपने में रख ले। और आप परमेश्वर कि उपस्थिति में, धर्मी बनकर खड़े होते हैं, क्योंकि आप यीशु मसीह, उसके पुत्र में विश्वास करते है। उद्धार कि क्या ही योजना है! तब आप उसकी महिमा में भागी होंगे। परमेश्वर की भलाई आपके ह्रदय में आएगी। उसके पुनरुत्थान की सामर्थ आपको नया व्यक्ति बनाएगी। यह हर प्रतीक्षा को संतुष्ट करेगा।

81 जब मैं एक लड़का था, तो मैं सब कुछ करना चाहता था। मैंने—मैंने जो भी करने के लिए जितना बड़ा था मैंने सब कुछ किया, और बहुत सी बातों को करने के लिए मैं योग्य नहीं था, जिनकी मैंने कोशिश की। मैं पसंद किया करता था मैं शिकार पसंद करता था। मैंने सोचा बस यही था। मैंने सोचा यदि मैं... मेरे पिता घुड़सवार थे। मैंने इसके विषय में सोचा, मैंने सोचा, “यदि मैं कभी पश्चिम में गया तो उनके घोड़ों को थका दूंगा!”

परंतु, भाई, एक दिन वहां उन पहाड़ो में, एरीजोना में एक रात पशुओं के झुंड को नीचे ला रहा था। मैं वहां बैठा हुआ था। और एक लड़का जिसका नाम स्लिम था, उसके पास एक पुरानी कंघी थी, उसके ऊपर एक कागज का टुकड़ा था। वह बजा रहा था। एक और व्यक्ति टेक्सास से वहां बैठा हुआ गिटार की झंकार के साथ। और वे मसीही गीत पर आए। मैंने घोड़े पर से जीने को नीचे उतरा; तकिये के रूप में प्रयोग करने के लिए। और मेरा कम्बल मेरे ऊपर था, और मैं उसमें, अपने जूते पहने हुए था, और ऐड के जोड़े से मेरे पैर भूमि पर से उठे हुए थे। और वह झनझनाने लगा:

क्रूस पर जहां मेरा बचाने वाला मरा,
जहां पापों से मैं घुल गया, मैं रोया;
वही मेरे ह्रदय पर लहू लगा;
उसकी हो तारीफ!

82 मैंने कंबल को ऊपर खेचने का व्यक्त किया और अपने कान बंद कर लिए। मैं ऊपर देखुंगा, और सितारे नीचे थे। और पहाड़ फुसफुसाते हुए चीड़ चिल्लाते हुए लगे कि, “आदम, तू कहां है? ”

पशु पालन दूसरी चीज थी। मैं परमेश्वर को ढूंढना चाहता था। वहां बहुत पीछे, उस ऐड़ पर लात मारी, मैंने कहा, "श्रीमान, मैं नहीं जानता कि आप कौन है, परंतु जब तक मैं भूल वस्तु को ना पा लू मुझे दण्ड ना देना।"

83 उसके दो दिन के पश्चात नगर में, वहां बैठा था, और कुछ दिनों के पश्चात, चक्कर के बाद। मैं वहां पार्क की छोटी बैंच पर बैठा हुआ था। एक छोटी स्पेन की लड़की पास आई। और मैं वहां बैठा हुआ परमेश्वर के विषय में सोच रहा था, "यह क्या हो सकता है? " एक छोटी, लड़की आयी, मैं लगभग अठारह वर्षीय लड़का था। उसने अपना रुमाल गिराया और चली गयी। मैंने कहा, "महिला, आपने अपना रुमाल गिरा दिया।" परमेश्वर के विचार ने मेरी इच्छा को बदल दिया। मेरा बेचारा आईरिश ह्रदय भूखा था, मैं कुछ चाहता था, कुछ ऐसा जो संतुष्ट कर सके।

84 परमेश्वर ने मुझे समस्त संसार में शिकार करने का सौभाग्य दिया; अफ्रीका, भारत, कनाडा में, पहाड़ों पर, कुछ महान यात्राओं में और संसार में रिकॉर्ड बनाए। यह सब, ठीक है, परंतु कुछ नहीं था जो जीवित परमेश्वर की सामर्थ का स्थान लेता, कि आपके प्राण में डालता।

85 जब मैं वहां पहुंचा, मैं पहाड़ों से प्रेम करता हूं। मुझे सूर्य अस्त अच्छा लगता है। मैं बस—बस जड़ित हो जाता, और अपने घोड़े को बांध देता। और पहाड़ों की चोटी पर चला जाता, और कुछ दिन वहां रुकता, केवल सूर्य उदय और सूर्य अस्त देखता, उकाब की आवाज को सुनता। यह अच्छा है। मुझे वहां होना अच्छा लगता। परन्तु, भाई, मेरा ह्रदय धड़कता और जब मैं यह सोचता:

अशुद्ध! अशुद्ध! दृष्ट आत्माओ ने उसे तोड़ दिया।
जब यीशु ठहरने को आया सब ठीक हो गया।

मैं बीमार लोगो के लिए सोचने लगा, और वह बुलाहट। और मेरे में कुछ था, जो चिल्ला उठा, "जल्द ही इन पहाड़ो पर उतरो। वहां लोगों में चले जाओ।"

मैं उसके लोगों के मध्य में स्वयं को उसका दास प्रमाणित करना चाहता था। ओह, उसके स्वयं को प्रमाणित करना मुझे कितना अच्छा लगता है। तब इस बात को लेकर, वह हमारे मध्य में आ गया और स्वयं को हमारे साथ पहचाना। मित्र, आज रात्रि वह यहां पर है।

86 अब दस मिनटों में यह समय बपतिस्मा आरम्भ करने का है। इसको करने से पहले मैं एक बात कहना चाहता हूं, इससे पहले कि हम इसे आरंभ करें। यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र... बहुत सारी टिप्पणियां मैं कहना चाहता हूं, परंतु मेरे पास समय नहीं है।

परमेश्वर के पुत्र, यीशु मसीह ने, स्वयं को अपने वचन में पहचानवाया। परमेश्वर के पुत्र, यीशु मसीह ने स्वयं को आज प्रातः इस सभा में विचारों को परखने के द्वारा पहचानवाया। पापी को पाप की लीक में से निकाल कर उसने स्वयं को पहचानवाया, एक नए व्यक्ति में, एक नई सृष्टि में। नीच स्त्री को लिया या नीच पुरुष, पियक्कड़, शराबी और यह जो कुछ भी है, उन्हें सीधा और शुद्ध करके, और उनमें से सज्जन पुरुष या महिला को बनाया। यह मेरा प्रभु है। उस मनुष्य को लीजिए जो बीमार और दुखी है, और उसके लिए कोई आशा नहीं, और उसे फिर से नए जीवन में बढ़ाया। हमारे मध्य में प्रगट हुआ, और स्वयं को वही यीशु और ह्रदय के विचारों को जान कर प्रमाणित किया। हमारे मध्य अपने लोगों के बीच में खड़ा है, परमेश्वर अपने लोगों में, स्वयं को पहचानवा रहा है। वहीं पवित्र आत्मा वह अब यहां पर है।

87 इसके पहले कि हम बपतिस्मे की उस सभा को आरंभ करें, जबकि भाई लोग तैयारी कर रहे है, मुझे आश्चर्य है, कि यह। यदि यहां कोई ऐसा है जिस पर आज प्रातः प्रार्थना नहीं हुई, और आप बीमार है। तो हम आपके उठे हुए हाथ को देखें। अपने हाथ उठाए यदि आप बीमार है और आवश्यकता में है, और आज प्रातः आपके लिए प्रार्थना नहीं हुई। कोई प्रार्थना पत्र या कुछ नहीं; केवल—केवल बीमार और परेशान है। ठीक है।

एक क्षण के लिए अपने सिरों को झुकाये।

88 प्रभु, इस दबे हुए गले और खरखराती आवाज के साथ, ओह, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि आप ह्रदय के अंदर बैठ जाएंगे, वह बीज, जो भी है, लोगों के ह्रदय में, ताकि हम आपके साथ पहचाने जाए। क्योंकि, पृथ्वी पर यह पुरानी कहावत है कि, “चिड़िया अपने परों से जानी जाती है, और मनुष्य अपनी संगति से जो वह रखता है जाना जाता है।” और, प्रिय स्वर्गीय पिता, हम प्रार्थना करते हैं कि आप हमारी संगति होंगे। प्रभु, हम तुझे ले ले, यदि इसका मूल्य हमें पृथ्वी की हर चीज से जो हमारे पास पृथ्वी पर है चुकानी पड़े। हम इस प्रकार पहचाने जाए, कि, “यह

मनुष्य वास्तव में परमेश्वर के साथ रहता है। उसकी संगति परमेश्वर के साथ है।"

89 यह इस प्रकार से कहा जाए जैसे कि पतरस और यूहन्ना के साथ था, जब वे उस फाटक के पास से जो सुंदर कहलाता है, निकल गए, और कहा, "मेरे पास कोई पैसा नहीं है, परंतु जो मेरे पास है, मैं तुझे दूंगा।" और लंगड़ा व्यक्ति चंगा हो गया था। और तब सभा के सामने लोगों ने कहा उन्हें लगा कि वे अनभिज्ञ और अशिक्षित थे। उनके पास कोई शिक्षा ना थी, परंतु उन्हें लगा कि वे सही प्रकार की संगति के साथ पहचाने गए थे। वे यीशु के साथ थे। परमेश्वर, मेरी यह हार्दिक इच्छा है, कि आपके साथ आपके दास के समान पहचान जाऊं, वह जो आपसे प्रेम करता है, वह जो आपके साथ सच्चा रहेगा, और आपकी पुस्तक की बातों का पालन करेगा, और मैं वह सब करूंगा जो मैं जानता हूं, यह ठीक बात है।

90 अब, पिता, क्या आप आज रात्रि स्वयं को हमारे बीच में प्रमाणित करेंगे, ताकि लोग जान सके कि यह कुछ ऐसे ही नहीं है, ओह, प्रभु किसी विशेष समय पर या—या ऐसे ही किसी क्रम में। आज रात्रि यह प्रगट हो जाए कि आप वही परमेश्वर है जो यहां आज प्रातः था। आपके पास वही सामर्थ है। और वही—वही चीजें जो आज प्रातः आपने की आप आज रात्रि फिर से कर सकते है। आपने प्रतिज्ञा की है कि वे अंतिम दिन में होंगे।

91 प्रतीत होता है कि बहुत सो को पर्याप्त विश्वास का अनुभव नहीं हो सक रहा है। हम प्रार्थना करते हैं कि आप उन्हें अब विश्वास देंगे। और तेरा आत्मा हमारी मध्य में प्रमाणित किया जाए, क्योंकि आपने कहा, "जो काम में करता हूं, वह वो भी करेगा जो मुझ पर विश्वास करता है।" इसलिए परमेश्वर, मैं में प्रार्थना करता हूं कि आप प्रमाणित करेंगे कि आज रात्रि आप हमारे मध्य में है, और... अब भी हम से प्रेम करते हैं। और आप चाहते हैं कि हर व्यक्ति जो यहां है जिसका बपतिस्मा नहीं हुआ है वह आकर स्वयं को आपके साथ पहचान करवाए अपनीं। ताकि वे भी आकर इस आश्चर्यजनक अनुग्रह के सहभागी हो सके जो कि स्थानांतरित किया जा सके; हम से उस पर, और उस पर से हम पर; हमारे दोष उस पर, और उसका अनुग्रह हम पर। प्रभु, इसे स्वीकार करें। हमारी प्रार्थनाओ को सुनें, जैसे कि हम इसे यीशु आपके पुत्र के नाम में मांगते है। आमीन।

92 हम धर्मी की छाया में खड़े है, परमेश्वर की न्यायशीलता में। हर बार जब दो या तीन यीशु मसीह के नाम में एकत्र होते हैं, तो उसने प्रतिज्ञा की है, कि वह उनके मध्य में होगा।

93 अब, मैं नहीं जानता, मैं समझता हूं कि प्रार्थना पत्रों का भाग लिया जा चुका है। आप में से कुछ के पास अब भी होगा। आप में से बहुत सो के पास प्रार्थना पत्र नहीं है। इससे कोई अन्तर नहीं कि आपके पास है या नहीं। यदि आप बीमार है, तो आप बीमार है। और यदि... यह परमेश्वर, जिसने यहां बाईबल लिखी है, क्या आप उस पर गंभीरता पूर्वक विश्वास करते हैं? वचन के प्रचार के अलावा, यदि वह हमारे मध्य में वापस आकर स्वयं को प्रमाणित करें, कि वह यहां है, और पापी को स्वीकार करवा दें कि वह यहां पर है; यदि वह बीमारों को चंगा करने के लिए यहां है और कारण को प्रगट करें, जैसा कि उसने किया जब वह यहां पृथ्वी पर था, क्या आप प्रसन्नता पूर्वक अपनी चंगाई को स्वीकार करेंगे? यदि कहीं भी आप अपना हाथ उठाएं, कहीं पर हो। हम नहीं करेंगे... हमारे पास कोई... मैं नहीं जानता कि उसने कौन से कार्ड उन्हें दिए है। हम प्रार्थना पत्र लेने जा रहे है। केवल, आप प्रार्थना करें, और आप विश्वास करें।

94 और यदि वह ऐसा करेगा, और स्वयं को प्रमाणित करें, तो आपको भी स्वयं को उसके साथ पहचान करवाने में लज्ज्ञा नहीं आनी चाहिए। आपको यह करना चाहिए। अब, यहां पर सीधी–सीधी चुनौती है। आराधनालय में आज प्रातः हमने प्रार्थना पत्र दिए है, और उन्हें वेदी पर बुलाकर, उनके लिए प्रार्थना की। और पवित्र आत्मा ने ऐसे महान समय से हिलाया, जब तक मुझे यह अनुभव नहीं होने लगा कि वे मुझे दोनों ओर से खींच रहे हैं, यह जाने का समय था, क्योंकि मैं निर्मल था। और अब यहां, मैं कह रहा हूं आप जिनके पास प्रार्थना पत्र नहीं है, या आप जो भी है, वहां सभा में बैठे हुए है, आप चुनौती दे। मैं आपको यह करने की चुनौती देता हूं, कि उस कथा का विश्वास करें, जो मैंने यीशु मसीह की बताई है कि वह सत्य है। और आप प्रार्थना करें, यदि आप बीमार है। इससे कोई मतलब नहीं...

95 इस प्रातः, मैंने देखने का यत्न किया कि मैं उन लोगों को ढूंढ सकूं जो आराधनालय में नहीं थे। आज रात्रि, मैं चिन्ता नहीं करता कि आप कहां से है। आप केवल प्रार्थना करें। तब यदि परमेश्वर का वह महान आत्मा, जिसका चित्र हमारे पास वहां है, यदि वह इस बीच में आएगा! आपने मुझे

इसे बहुत प्रचार करते सुना है, कि उसने हम से बहुत सी प्रतिज्ञाये की है, कि वह उनको करेगा। और तब जब वह पृथ्वी पर था, और जब वह हमारे शरीरों में आया, तो वह वही कार्य करेगा। अब, यदि आप बीमार है, तो प्रार्थना करें। मैं आपको चुनौती देता हूं!

96 परमेश्वर को चुनौती दे, कहे, "परमेश्वर, भाई ब्रंहम मुझे नहीं जानते। वह मेरे विषय में कुछ नहीं जानते। परंतु यदि आप उसे मेरी ओर घुमाने दे, मुझे आपका कपड़ा छूने दे, तब आप बोले, मैं जान जाऊंगा कि आप इस कलीसिया के साथ संबंधित है।" कलीसिया विश्वासी है। "तब मैं जान जाऊंगा कि आप कल आज और सर्वदा एक से है।" और आप प्रार्थना करें।

97 मुझे यह करने की अगुवाई का अनुभव हो रहा है। मैं नहीं जानता क्यों ने यह किया, परंतु मैं यह करने की अगुवाई का अनुभव कर रहा हूं।

अब, यदि आप अपने सिर उठायेंगे।

98 ठीक यहां, मेरी ओर देखें, वह छोटी महिला जिसने *इस* तरह से अपना हाथ ऊपर कर रखा है, कुछ देर पहले प्रार्थना कर रही थी। वह अपने को छोड़ किसी और के लिए प्रार्थना कर रही है। मैंने इस महिला को अपने जीवन में कभी नहीं देखा, जहां तक मैं जानता हूं। वह मेरे लिए पूर्णतः अपरिचित है। परंतु वह अपनी लड़की के लिए प्रार्थना कर रही है, ऑपरेशन के विषय में। आप इस देश से भी नहीं नहीं है। आप टेक्सास से है। यह **यहोवा यों कहता है**। क्या आपके पास प्रार्थना पत्र है? आपके पास नहीं है? आपको इसकी आवश्यकता नहीं है। अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें।

99 मुझे कैसे मालूम पड़ा कि आप किस विषय में प्रार्थना कर रही है? क्या आप नहीं देख सकती स्वर्ग का परमेश्वर ह्रदय के भेदों को प्रगट करता है? क्या डेनियल ने अपने दिनों में नहीं कहा? परमेश्वर ह्रदय के भेदों को प्रगट करता है।

100 आपसे आगे एक महिला बैठी है। वह इस विषय में बहुत प्रसन्न है। उसे ह्रदय रोग था, और वह इसके लिए प्रार्थना करवाना चाहती थी। इसलिए यदि आप केवल अपना हाथ उस पर रख दें। ठीक है। अब, आप वापस शिकागो जाए और चंगी रहे। आमीन। मैं उस महिला को नहीं जानता, ना ही, मैं उसके विषय में कुछ जानता हूं। परंतु परमेश्वर आपको जानता है। समझे?

वह अपने आप को हमारे साथ प्रमाणित कर रहा है। "यदि तू विश्वास करें, सब बातें संभव है।"

101 यह छोटी, यहूदी महिला यहां बैठी है, वह भी प्रार्थना कर रही थी। यह ठीक बात है। आप मेरे लिए प्रार्थना कर रही थी कि मैं आपसे कुछ कहूं। आज प्रातः मैंने आपकी परेशानी देखी, परंतु मैंने कहा नहीं। परंतु वे पैर जिनके लिए आप परेशान थी, ठीक होने जा रही है। इसलिए आप उसके लिए कोई चिंता ना करें।

102 आप जो यहां बैठी है, छोटी महिला, आप भी विश्वास करती है? आप मुझे उसका भविष्यवक्ता, उसका दास होने का विश्वास करती है? मैं आपको नहीं जानता। परमेश्वर आपको जानता है। परंतु यदि वह परमेश्वर का आत्मा हमारे साथ है, तो वह वैसे ही करेगा जैसा यीशु ने किया। आप प्रार्थना कर रहे थे, और यह ऐसा लगा कि मैं आपकी ओर आकर्षित हो गया। वह महिला के पास प्रभु का दूत है। यदि आप विश्वास करेंगी, आपकी ह्रदय का रोग रुक जाएगा, और जोड़ो का दर्द। आपका नाम कुमारी विजडम है। यह ठीक बात है। आप वापस जाएं और स्वयं हो जाए, श्रीमती विजडम। मैंने इस स्त्री को अपने जीवन में कभी नहीं देखा।

परंतु, वह परमेश्वर है, यदि आप केवल इसका विश्वास करें।

103 यहां, इधर देखिए। देखिए वहां वह महिला अपना हाथ *इस* प्रकार से ऊपर किए बैठी है, अपने मुंह पर? वहां... क्या आप उस ज्योति को जो वहां उस स्त्री के ऊपर है नहीं देख सकते? अब, देखिए, वह नीचे कि ओर उस पर आ रही है। मैं इसे टूटते हुए देखता हूं। उसे जिगर का रोग है, कलेजे के रोग से परेशान है। यह पित्त की परेशानी है। आप श्रीमती पामर है। यही है। अब मुझे यह याद आया कि कौन है। मैंने केवल दर्शन नहीं देखा; मैं आपको भाई पामर के पास बैठे हुए देखता हूं। बहन, यह ठीक है। अब, आप जाएं और स्वस्थ रहें। अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें।

104 वहां महिला के पीछे भी एक और महिला बैठी है, वह आश्चर्यचकित होकर ऊपर देख रही है, ठीक उसके पीछे। आप सोचती है उन दो बच्चों की गलतुन्दिका याने टोंसल उन्हें छोड़ देगा, बहन, और आप भी? तो फिर अपने मार्ग पर घर जाए, और आनन्दित और प्रसन्न रहिये। अपने हाथ उन बच्चों पर रखिए, वे दोनों इस परेशानी से। और आपकी परेशानी भी आपको

छोड़ गई। आप प्रभु यीशु के नाम में, चंगी हो गयी, आप सब। आप चंगी हो जाएगी, चंगी रहिये।

105 क्या आप देख सकते हैं कि जीवित परमेश्वर आज जीवित है? वह कहीं वैसे ही महान है, है ना वह? क्या आप नहीं चाहते कि आप उसके साथ पहचाने जाए? निश्चय ही, आप। निश्चय ही, आप चाहते हैं।

106 अब आइये एक क्षण के लिए हम अपने सिरों को झुकाये। इससे पहले... कि यह मुझे और निर्बल कर दे। अब कितने चाहते हैं कि उन्हें प्रार्थना में स्मरण किया जाए अब, करी जा रही है, "परमेश्वर, मुझ पर अनुग्रहकारी हो। मैं अब प्रभु यीशु पर विश्वास करना चाहता हूं। मैं—मैं चाहता हूं कि मेरी सारी परेशानियां अब ठीक कर दी जाए"? परमेश्वर आपके साथ हो।

107 प्रभु, यीशु को मृतको में से फिर कौन ले आया, स्वर्ग का परमेश्वर, मैं तुझसे उनके पक्ष में हो कर प्रार्थना करता हूं कि यह वह घड़ी होगी कि वे विश्वास करेंगे; सामने आए, यदि उन्होंने इसे पहले कभी नहीं किया, और यहां इस जलाशय में स्वयं को आज रात्रि यीशु मसीह के साथ प्रमाणित करें। क्योंकि पवित्र वचन ने, यह कहा है कि, "यदि हम बपतिस्मे में उसके साथ गाड़े जाते है, और उसकी मृत्यु में सहभागी होते है, तो हम उसके पुनरुत्थान में भी उसके साथ सहभागी होगे।" यह प्रतिज्ञा है। और पुराने संत महान पतरस ने हमारे लिए कहा, "प्राश्चित करो, और अपने-अपने पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा लो, और हम पवित्र आत्मा का वरदान पायेंगे।" इस सारे सप्ताह...

108 प्रभु यहां पर मेरी पुत्रवधू बैठी है, छोटी लोयस भूखी, प्यासी और उपवास कर रही है, और प्रतीक्षा कर रही है। वहां पीछे मेरी बहन भूखी, और प्यासी, और उपवास कर रही है, और प्रतीक्षा कर रही है। ओह प्रभु, जैसे भी हो पवित्र आत्मा को अभी भेजे इस भवन में, और इनके प्राणों को पुनरुत्थान की सामर्थ से प्रमाणित कर। और होने दे कि वे अपनी पुनरुत्थान की सामर्थ में अपने पैरो पर खड़े हो, और यीशु मसीह के साथ उसके पुनरुत्थान में स्वयं को प्रमाणित करें। प्रभु, इसे प्रदान करें।

109 हर पाप को क्षमा करें। हर वह बात जो गलत है, उसे मिटा दें पिता, और हमें अपना अनुग्रह दें, जैसे कि हम यीशु मसीह के नाम में मांगते है।

110 सारे बीमारों और दुखियों को चंगा करें। प्रभु, आप यहां पर हैं। आप परमेश्वर है। आप स्वयं को परमेश्वर सिद्ध करते है। और हम प्रार्थना करते

हैं कि आपके आत्मा के स्वभाव को जानते हुए, कि आपने कुछ चीजें करी और फिर उनके पास से अन्तर धान हो गए, और फिर कहीं और दूसरे नगर में चले गए, और बाहर और चले गए। परंतु अपने पीछे निशान छोड़ गए, कि आप जीवित परमेश्वर जीवित थे। और, प्रभु यीशु, मैं प्रार्थना करता हूं, कि—कि लोगों के ह्रदयो पर यह प्रभाव था, कि वे कभी नहीं भूलेंगे की पवित्र आत्मा उपस्थित है कि चंगा करें, और बचाने के लिए, और अपनी भलाई से भर दे। हम यीशु के नाम में प्रार्थना करते है। आमीन।

111 अब, यहां पर कितनो का बपतिस्मा होना था? क्या आप अपने हाथों पर उठायेंगे की आपकी चीजें तैयार है। तब आप अपने को पानी के लिए तैयार कर सकते हैं, थोड़ी ही सी देर में।

अब जबकि हम आत्मा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, बस थोड़ी सी देर के लिए। आप में से कितने हैं जिन्होंने अभी तक पवित्र आत्मा नहीं पाया है, और इच्छा कर रहे हैं और ह्रदय से प्रार्थना कर रहे हैं, कि पवित्र आत्मा प्राप्त करें?

टेडी, यदि आप, या आप में से कोई प्यानो पर आए। हम अब कुछ गाने गाने जा रहे है।

जबकि स्त्रियां जो की स्वयं को बपतिस्मे के लिए तैयार करने जा रही हैं, वे *इस* कमरे में चली जाए। और पुरुष *इस* कमरे में, जो बपतिस्मे के लिए तैयार हो रहे है। जबकि उस घटना के लिए, हम तैयार हो रहे है।

112 और तब हम पवित्र आत्मा के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं कि वह हमारे पास आए, और हम पर वह बातें प्रकट करें जो वह हम से करवाना चाहता है।

तब हम अपने बड़े वाले हॉल की बत्तियां बुझा देंगे। और सेवक यहां बाहर—बाहर पानी में होंगे और तब हम—हम बपतिस्मे की धर्म क्रिया को करेंगे।

एक क्षण, इससे पहले कि आप बतियां बुझाये, भाई एवं जब तक हम प्रतीक्षा कर रहे हैं। मैं कुछ पवित्र वचन को पढ़ना चाहता हूं, थोड़ी सी देर के लिए, यदि आप रुकेंगे। जबकि वे अपनी तैयारी शुरू कर रहे हैं, मैं यहां पर कुछ पवित्र वचन पढ़ना चाहता हूं।

113 कितने यह विश्वास करते है कि परमेश्वर अनन्त है? निश्चय ही। वह इस समय यहां पर है। केवल एक चीज जो आपको करनी है कि पवित्र

आत्मा प्राप्त करें, और उसे स्वीकार करें। क्योंकि, उसकी सामर्थ ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह यहां पर है। तो हमें कैसे इसका संदेह हो सकता है? उसकी धन्य, पवित्र उपस्थिति हमारे प्राण को बहुत नहला रही है! मुझे ऐसा अनुभव हो रहा है, कि मैं उसकी भलाई के लिए अपने पूरे गले से चिल्लाऊं। "और उसका अनुग्रह सदा–सदा तक रहता है।" वह यहां है। मेरा ह्रदय प्रज्वलित हो रहा है, और उसकी उपस्थिति के कारण आनंद और भरपूर प्रसन्नता से भर गया है।

114 इससे पहले कि वे बत्तियां बुझाये, मैं प्रेरितों के कार्य के 1ले अध्याय से पढ़ना चाहता हूं।

और मैं विश्वास करता हूं कि प्रत्येक मनुष्य सेवक, या व्यक्ति जो यहां सुसमाचार सुनाने वाला है, या जो भी तो, वह यही होगा, कि, परमेश्वर अनंत है। एक प्रकार से परमेश्वर एक कार्य नहीं कर सकता कि पलट कर और *यह* करें, दूसरी तरह से वह करें—वह करें। उसे उसी प्रकार से हर बार वही करना है। क्या उसे नहीं करना?

यह घोषणा परमेश्वर की ओर से घोषित हुई थी।

हे इस्त्रालियो, ये बाते सुनो कि; यीशु नासरी एक मनुष्य था जिसका परमेश्वर की ओर से होने का प्रमाण उन सामर्थ... के कामो और चिन्हो से प्रगट है, जो परमेश्वर ने तुम्हारे बीच उसके द्वारा कर दिखलाए, जिसे तुम आप ही जानते हो:

उसने किस प्रकार के चिन्ह किए, कि वह सिद्ध करें कि वह मसीहा था? उनके ह्रदय के विचारों को जानकर। क्या यह ठीक है? पतरस ने क्या कहा, "चिन्हों और आश्चर्य कर्मों के द्वारा, परमेश्वर ने सिद्ध किया कि वह उसके साथ है।"

उसी को जब वह परमेश्वर की ठहराई हुई, मनसा और होनहार के ज्ञान के, अनुसार पकड़वाया गया तो तुमने अधर्मियों के हाथ से उसे क्रूस पर चढ़वा कर मार डाला:

परंतु उसी को परमेश्वर ने मृत्यु के बन्धनों से छुड़ा कर जिलाया क्योंकि यह अनहोना था कि वह उसके वश में रहता।

क्योंकि दाऊद उसके विषय में कहता है, कि मैं प्रभु को सर्वदा अपने सामने देखता रहा, ... क्योंकि वह मेरी दहिनी ओर है ताकि मैं डिंग ना जाऊं:

इसी कारण *मेरा मन आनंद हुआ और मेरी जीभ मगन हुयी वरन... मेरा शरीर भी आशा में बसा रहेगा:*

क्योंकि तू मेरे प्राणों को अधोलोक में ना छोड़ेगा और न अपने पवित्र जन को सड़ने ही देगा।

तूने मुझे जीवन का मार्ग बताया है; तू मुझे अपने दर्शन के द्वारा आनंद से भर देगा।

हे भाईयो, मैं उस उस कुलपति दाऊद के विषय में तुम से *साहस के साथ कह सकता हूं, कि वह तो मर गया और गाड़ा भी गया, और उसकी कब्र आज तक हमारे यहां वर्तमान है।*

सो भविष्यवक्ता हो कर और यह... जानकर कि परमेश्वर ने मुझ से शपथ खाई है, उसकी देह के अनुसार, कि मैं तेरे—तेरे वंश में से एक व्यक्ति मसीह को उठाऊंगा कि तेरे सिहांसन पर बैठे;

उसने होनहार को पहिले से ही देख कर मसीह के जी उठने के विषय में भविष्यवाणी की, कि ना तो उसका प्राण अधोलोक में छोड़ा गया, और ना उसकी देह सड़ने पायी।

इसी यीशु को परमेश्वर ने जिलाया, जिसके *हम... सब गवाह है।*

ओह, यह मुझे रोमांचित करता है! हम अब भी उसके गवाह है। कि वह मृतकों में से जिलाया गया। वह आज रात्रि जीवित है।

इस प्रकार परमेश्वर के दहिने हाथ से सर्वोच्च... पद पाकर और पिता से—से वह पवित्र आत्मा प्राप्त करके जिसकी प्रतिज्ञा की गई थी, उसने यह उड़ेल दिया है, जो तुम देखते और सुनते हो।

क्योंकि दाऊद तो... स्वर्ग पर नहीं चढ़ा: परन्तु वह आप कहता है, कि प्रभु ने मेरे प्रभु से कहा, मेरे दाहिने बैठ,

जब तक *कि मैं तेरे बेरियो को तेरे पांव तले की चौकी ना कर दू।*

सो अब इस्त्राईल का सारा घराना निश्चय *जान ले, कि परमेश्वर ने उसी यीशु को जिसे तुम ने... क्रूस पर चढ़ाया, प्रभु भी ठहराया और मसीह भी।*

अब, वह कौन सी भाषा में बोल रहा था, कि वे सारी भाषाओं जो की इस संसार की है, उस से सुनी?

> *अब जब वे* (लोगों ने) इसे सुना, *सुनने वालों के ह्रदय छिद गए, और वे पतरस और... शेष प्रेरित से पूछने लगे, कि हे भाईयों, हम क्या करें?*

थोड़ी देर पहले, वे "पागल" थे, उन लोगों के लिए। अब, उस शक्तिशाली उपदेश के बाद, जो कि हर राष्ट्र में जो वहां खड़े थे जा रहा था, "पुरुषों और भाइयों, हम क्या कर सकते है? " तब उसका नुस्खा आता है। तब–...

> *पतरस ने उनसे कहा, मन फिराओ, और तुमसे हर एक यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले अपने–अपने* पापों *की क्षमा के लिए, और* तुम *पवित्र आत्मा का दान पाओगे।*
>
> *क्योंकि यह प्रतिज्ञा, तुम... और तुम्हारी संतानों, और उन सब दूर–दूर के लोगो के लिए भी है, जिनको प्रभु हमारा परमेश्वर अपने पास बुलाएगा।*
>
> *और उसने बहुत और बातों से भी गवाही देकर समझाया, कहते हुए, कि* अपने आप *को इस टेढ़ी जाति से बचाओ।*

यदि यह वही सुसमाचार नहीं जो आज हम प्रचार कर रहे है! "अपने आपको टेढ़ी जाति से बचाओ।" बहुत से चिन्हों और आश्चर्य कर्मों ने यीशु मसीह की उपस्थिति को जीवित दिखाकर, उत्तेजित किया। और वही बपतिस्मा जिसका प्राधिकार यहां पर दिया गया है, यहां आज रात्रि इस प्रचार मंच पर भी प्राधिकार दिया गया है।

> *सो जिन्होंने उसका वचन आनंद से ग्रहण किया: उन्होंने बपतिस्मा लिया और उसी दिन, तीन हजार मनुष्यों के लगभग उन में मिल गए।*

115 प्रिय परमेश्वर, वे कमरे जो लोगों से भरे हुए हैं बपतिस्मे में आपके साथ पहचाने गये है। प्रभु, मैं तुझसे उनके बदले में प्रार्थना करता हूं, यदि आप कृपा करेंगे, प्रभु, इस समय जब वे पानी में से बाहर निकल कर आते है, होने दे कि उनके अंदर में कुछ घटित हो, कि उनके प्राण पवित्र आत्मा से भर जाए। होने पाए जब वे पानी में से बाहर आते है, तो जाकर आपको

अपने सुसमाचार के प्रचार, रविवार स्कूल की शिक्षा, अन्य भाषाओं के बोलने, और भाषाओं के अनुवाद में आपको प्रगट करें, चिन्हो, आश्चर्यकर्म, और अद्भुत कार्यों को करते हुए, और इन सब बातों के ऊपर परमेश्वर का प्रेम इनके प्राणों में, दीनता, और कोमलता, और धीरज और नम्रता, के साथ प्रज्वलित रहे।

116 प्रभु, मैं इन्हें आपको समर्पित करता हूं। यह लोग इस बेदारी के विजयोपहार है। और मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इन्हें अपनी देखभाल में रखेंगे। और एक दिन... जैसा कि मैं यहां खड़ा हुआ, आपकी बाईबल के ऊपर से प्रार्थना कर रहा हूं, मैंने इससे प्रचार किया है, और अपने पूरे ह्रदय की घोषणा की है, कि जो मैं सोचता कि यह सत्य है, जैसा कि आप इसे मुझ पर प्रगट करेंगे।

117 और, प्रभु, हम उनके बपतिस्मे की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जैसे कि हम सब इस सभा में उनके पुनरुत्थान के लिए प्रतीक्षा कर रहे है। और प्रभु, किसी दिन, जबकि हम स्वर्गीय स्थानों में खड़े हुए होंगे, तो हो सकता है कि स्वर्ग से यह आवाज आए। तुरही फूंकी जाए, और जो मसीह में मरे हैं पहले वे जीवित किए जाएंगे। हो सकता है कि हम उसके साथ प्रभु से मिलने के लिए हवा में उठाए जाए, और सदा उसके साथ होंगे। पिता, इसे प्रदान करें।

118 हमें स्वस्थ, और आनन्दित और उत्साह से भरा रखें। हम पैसा नहीं मांगते। हम आरामदायक चीजें नहीं मांगते। हम केवल यह मांगते हैं कि यीशु के समान हो। हम उसके साथ प्रमाणित होना चाहते हैं, उसी प्रकार के आत्मा के साथ जो उसमें था, दीन, कोमल, सदा पिता के कार्यों में लगे रहना।

119 प्रभु, इस बेदारी के समाप्ति के समय और उसके इन मूल्यवान लोगों के साथ प्रमाणित होना, ओह! स्वयं को निरंतर पवित्र आत्मा देने के द्वारा प्रमाणित करें। पिता, इसे स्वीकार करें।

120 इस छोटे आराधनालय को आशीषित करें, हर सेवक को आशीषित करें, हर व्यक्ति को जिसने इसमें भाग लिया हर कलीसिया जो यहां रही।

121 प्रभु, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप हर कलीसिया के अंदर समस्त संसार में बेदारी भेजेंगे। और हम उन्हें एक साथ एक ह्रदय में देखेंगे और एक संगति

में, यीशु मसीह के साथ उठाए जाने के अनुग्रह को हमारे मध्य में दिया जाए। हम यीशु के नाम में मांगते है। आमीन।

122 अब कुछ समय के लिए बड़े सभागार की बत्तियां बुझ दी जाएगी। इन रुमालों पर प्रार्थना हो चुकी है। और अब थोड़ी देर के लिए बत्तियां बुझा दी जाएगी और तब—और तब थोड़ा शान्त रहे। और सेवकगण एक के बाद एक को बपतिस्मा देंगे, जब तक हम सब को ना दे दे।

[भाई ब्रंहम और भाई लोग प्रचार मंच को फिर से व्यवस्थित करते है बपतिस्मे की तैयारी के लिए—सम्पा।] अब यदि हर कोई देख सकता है...

123 अब, वह वाला माईक्रोफोन या ध्वनी ग्राहक, इसे नीचे जलाशय के तले की ओर खीच ले। हां। यह ठीक है। [कोई उसका स्टंड व्यवस्थित करता है—सम्पा।] पहले से ठीक लग रहा है। जी हां। [एक भाई कहता है, "इस प्रकार से हम अच्छी तरह से रिकार्ड कर सकते है।"] यह रिकार्डर के लिए है? ["जी हां"] ठीक है। आप लीजिए और करिए।

124 आज रात्रि मैं इसे स्वयं करना चाहता था। मैं यह बहुत गर्म है । और भाई नेविल विश्राम कर रहे है, इसलिए हम चाहते हैं कि पास्टर इसके साथ भी कुछ करें, एक बहुत अच्छा भाई है।

125 कुछ ही क्षण में, सभागार की बत्तियां बुझाई जाएगी, तब आप देखने पायेंगे, उसके पीछे जो बड़ा दर्पण टंगा है, ठीक नीचे तालाब में का दिखेंगा जहां वे आयेंगे कि उन्हें बप्तिस्मा दे, जैसे ही वे उन्हें तैयार करेंगे।

126 और हर बार जब वे बपतिस्मा देंगे, वे... एल्डर पर्दा खींच देंगे। वे... महिलाओं को, जब वे पानी से बाहर आती है छिपा लेगा। और इसलिए वे, एक के बाद दूसरी आते रहेंगे। आप अपना नाम बताएंगे, और बताएंगे कि आप कौन हैं, और उन्हें यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा दे।

127 अब, याद रखें, एक सेवक होने के कारण—कारण, इस सुसमाचार के लिए उत्तरदाई हूं जो मुझे सौंपा गया है, मैं किसी को भी सिफारिश करता हूं जिसका बपतिस्मा यीशु मसीह के नाम में नहीं हुआ है, और फिर से बपतिस्मा चाहे। यही पौलुस ने कहा। जबकि उनका बपतिस्मा एक प्रकार का हो गया था, बिना नाम के, उसने कहा उनका फिर से बपतिस्मा होना चाहिए, यीशु मसीह के नाम में।

128 उसने कहा, "यदि कोई स्वर्गदूत भी आकर कुछ और सिखाये, तो श्रापित ठहरे।" यह गलतियों में पाया गया। गलतियों का, 1ला अध्याय,

और 8वां पद। “यदि हम या स्वर्ग का कोई दूत कोई और दूसरा सुसमाचार प्रचार करें, तो तुम्हारे लिए श्रापित ठहरे।”

[बपतिस्मे के स्थान का पर्दा खुल जाता है—सम्पा।]

129 अब, इस से पहले धर्म क्रिया आरंभ होती है, क्या हर कोई देख सकता है? [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] ... मृत्यु के जल में उतरे। अब हम सुसमाचार के सेवकों में शामिल होते हैं, इसके द्वारा हम... ? ... [टेप पर खाली स्थान।] मेरे बहुत ही गहरे मित्र, वहां से... ? ... यह महिला ओरल रॉबर्ट्स की बहुत गहरी मित्र है; वह और उसका पति... ? ... एक और महान योद्धा, परमेश्वर के लिए महान प्राण को जितने वाला, भाई ओरल रॉबर्ट्स, मेरे भी एक करीबी मित्र है। [टेप पर खाली स्थान।] जी हाँ।

मसीह के साथ पहचाने गए HIN59-1220E

(Identified With Christ)

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 20 दिसंबर, 1959 को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2022 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org